डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 30.01.2023 से 05.02.2023 ▸ वर्ष-40 ▸ अंक-05 ▸ मूल्य ₹ 10.00

मध्यप्रदेश के विकास के लिये नागरिक अपनाएं एक नेक कार्य

जबलपुर के भटौली क्षेत्र में बनेगा इंडस्ट्रियल टाउन | **औद्योगिक विकास की रफ्तार होगी तेज** | **अब जबलपुर में बनेगा ग्लोबल स्किल पार्क**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में झंडावंदन कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने और विकास के लिये हर नागरिक अपना योगदान दें। मध्यप्रदेश के नागरिक कोई एक नेक कार्य अपनाएं। इनमें पौधे लगाना, पर्यावरण-संरक्षण, पानी बचाना, बिजली की बचत, नशामुक्ति शामिल हों। जनता के सहयोग से ही मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाएंगे। हर नागरिक सर्वश्रेष्ठ योगदान दे। जनभागीदारी के मंत्र से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करें। सरकार के साथ सभी के सहयोग से हमें मध्यप्रदेश बनाना है। प्रदेश के साढ़े आठ करोड़ नागरिकों के 17 करोड़ हाथ आगे आयें और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में दिए गए भाषण के संपादित अंश 'रोज़गार और निर्माण' में प्रकाशित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए।

जबलपुर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर में आकर मन प्रसन्न है। नर्मदा मैया हम सभी को आशीर्वाद देती हैं। जबलपुर के नर्मदा घाटों का कॉरिडोर बनाया जायेगा। नर्मदा के घाटों के उन्नयन कार्य के साथ ही उन्हें परस्पर जोड़ने का कार्य कर नर्मदा पथ विकसित किया जायेगा। तीन चरणों में अलग-अलग नर्मदा परिक्रमा पथ बनेंगे।

औद्योगिक क्षेत्र का विकास

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक प्रगति के लिये बहुआयामी प्रयास किये जा रहे हैं। हाल ही में इंदौर में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 15 लाख 40 हजार 550 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे करीब 29 लाख लोगों को जीविका मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर में भटौली क्षेत्र में औद्योगिक नगर विकसित होगा। इसके लिये भूमि चिन्हित कर ली गई है। गारमेन्ट और टेक्सटाइल की इकाइयाँ बनेंगी। ये इकाइयाँ बहन और बेटियों के आर्थिक उन्नयन का भी मजबूत माध्यम हैं। इस क्षेत्र में रहवासी इलाके विकसित होंगे। भंडारण सुविधाएँ भी विकसित होंगी। हमारा प्रयास है कि ग्रीन फील्ड शहर की अवधारणा को लागू करें। जबलपुर के इस क्षेत्र में रिंग रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग की निकटता होने से औद्योगिक विकास की अच्छी संभावनाएँ हैं। इन संभावनाओं को साकार किया जायेगा।

महाकौशल के विकास पर फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल अंचल में अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। करीब 66 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजना के कार्य जारी हैं। केन-बेतवा परियोजना के लिये 44 हजार करोड़ की राशि प्राप्त हो रही है। बरगी बांध की निर्माणाधीन टर्नल पर स्लीमनाबाद के पास कार्य चल रहा है। अब तो विंध्य अंचल में नागौद तक पानी पहुँचने वाला है। जबलपुर के शहरी क्षेत्र के साथ ही निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा। जबलपुर में 3500 करोड़ रुपये लागत का रिंग रोड बन रहा है। प्रदेश का दूसरा ग्लोबल स्किल पार्क जबलपुर में बनाया जायेगा। इसमें युवाओं को प्रशिक्षित किये जाने की व्यवस्था होगी। प्रदेश के स्किल्ड युवा दुनिया के देशों में जाकर सेवाएँ देंगे। अधोसंरचना को मजबूत बनाने वाले सभी कार्य तेज गति से चल रहे हैं। पूरे प्रदेश में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति का संकल्प है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बन रहा शक्तिशाली भारत

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। आने वाले कुछ वर्ष में भारत का क्रम तीसरा होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कोरोना काल में वैक्सीन के निर्माण और अन्य देशों को सहयोग का उदाहरण दुनिया में प्रस्तुत किया। आज हमारा देश स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिये हमें आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करना है।

प्रदेश की विकास दर बढ़ी, प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी, मजबूत हुई अधोसंरचना

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की विकास दर में वृद्धि हुई है, जो इस समय 19.76 प्रतिशत है और सबसे ज्यादा है। देश की अर्थव्यवस्था में योगदान 3.6 प्रतिशत से बढ़ कर 4.6 हो गया है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक आय जो वर्ष 2003 में सिर्फ 13 हजार थी, वह बढ़कर 1 लाख 37 हजार हो गई है। अधोसंरचना को मजबूत बनाते हुए सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल आदि कार्यों को पूरा किया गया। मध्यप्रदेश अब टूटी-फूटी सड़कों के लिये नहीं बल्कि 4 लाख किलोमीटर लम्बाई की शानदार सड़कों के लिये जाना जाता है।

- **महाकौशल के विकास को गति देंगे।**
- **मध्यप्रदेश के ग्राम, विकास की धुरी बनेंगे।**
- **प्रदेश की एक-एक इंच भूमि में सिंचाई की व्यवस्था करना हमारा संकल्प है।**
- **सौर ऊर्जा को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा।**
- **भूमिहीन लोगों को आवासीय भूखंड देंगे। हर गरीब को जमीन का टुकड़ा मिलेगा।**
- **मेहनत की कमाई से बनाया गया किसी का मकान अवैध नहीं होगा।**
- **युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाएंगे।**
- **मेधावी विद्यार्थियों के ऐसे परिवार जिनकी सालाना आय 8 लाख से कम है, उन्हें सरकार शिक्षण शुल्क देगी।**
- **अधोसंरचना को मजबूत बनाने का कार्य निरंतर चलेगा।**
- **प्रदेश में 1 वर्ष में 6 नक्सली मार गिराए गए हैं, जिन पर लगभग 1 करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस बल बधाई का पात्र है।**

नवकरणीय ऊर्जा में अग्रणी

श्री चौहान ने कहा प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहा है। रीवा के सौर ऊर्जा संयंत्र के बाद ओंकारेश्वर में बांध की जल राशि पर फ्लोटिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है। नीमच, शाजापुर, छतरपुर और मुरैना में भी सौर ऊर्जा परियोजनाएँ क्रियान्वित होंगी। प्रदेश में कभी 3 हजार मेगावॉट से भी कम बिजली होती थी, जो अब आठ गुना से अधिक हो गई है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, बेटियों का सशक्तिकरण प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइज विद्यालयों, हिन्दी में मेडिकल और इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों के संचालन, तीन करोड़ से ज्यादा कार्ड बना कर आयुष्मान भारत योजना को गति देने, लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों को महाविद्यालय में प्रवेश कर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और इसके बाद उच्च शिक्षा के लिये फीस की व्यवस्था के निर्णयों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर बेटियों को गलत नजर से देखने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। प्रदेश में 42 दुष्कर्मियों को फाँसी की सजा सुनाई गई है।

जमीन का अधिकार हर नागरिक को मिलेगा

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक भूमिहीन व्यक्ति को जमीन का अधिकार मिलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना प्रारंभ की गई है। प्रत्येक परिवार को नि:शुल्क भूखंड प्राप्त होगा। कोई भी गरीब व्यक्ति बिना जमीन के नहीं रहेगा। हाल ही में टीकमगढ़ में 10 हजार से अधिक लोगों को भूखंड देकर इसकी शुरुआत की गई। सिंगरौली में भी 25 हजार से अधिक लोगों को प्लाट दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत की कमाई से अपना मकान बनाने वालों के मकान को अवैध नहीं रहने दिया जायेगा।

किसान-कल्याण और जनजाति समाज के हितों का संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को लाभान्वित करने के लिये दो वर्ष में फसल बीमा योजना की 17 करोड़ की राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई। पेसा कानून से जनजाति भाई-बहनों के लिये जल, जमीन और जंगल के अधिकार सुनिश्चित किये गये हैं। अनुसूचित जाति के कल्याण के अनेक कार्य आगामी संत रविदास जयंती से प्रारंभ किये जा रहे हैं। इसी दिन से हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलवाने की शुरुआत भी की जा रही है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में चिन्हित हितग्राही विभिन्न योजनाओं का फायदा प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री ने गिनाईं प्रमुख उपलब्धियाँ

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अनेक उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। इनमें जल जीवन मिशन से प्रदेश के 56 लाख परिवारों तक नल से जल प्रदाय और इससे दोगुने परिवारों तक आने वाले वर्ष में यह सुविधा पहुंचाने, महिला स्व-सहायता समूहों से 44 लाख बहनों के आर्थिक उन्नयन और सशक्तिकरण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और 25 सौ से अधिक स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं के नवाचारों को मिली सफलता, कानून-व्यवस्था की बेहतर व्यवस्थाएं, नगरों में फ्लाई ओव्हर निर्माण, स्मार्ट सिटी विकास, बेहतर विद्युत प्रदाय, मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का क्रियान्वयन शामिल है।

स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का स्मरण

श्री चौहान ने उपस्थित नागरिकों को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की बधाई दी। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिये जान न्यौछावर करने वाले सेनानियों का स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीदों के प्रति हम सभी कृतज्ञ हैं। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने कहा था कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' । नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जबलपुर जेल में भी कई दिन रहे। राजा रघुनाथ शाह, शंकर शाह सहित अनेक देश भक्तों ने स्वतंत्रता के लिये संघर्ष का मार्ग अपनाया।

आम जन से जुड़ाव की शैली

मुख्यमंत्री ने प्रारंभ में जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। हर्ष फायर की ध्वनि के बीच श्री चौहान ने आमजन का अभिवादन किया। समृद्धि के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। श्री चौहान ने स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतंत्र सेनानियों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केंद्र सरकार द्वारा 25 जनवरी को घोषित पद्मश्री पुरस्कार से पुरस्कृत डॉ. एम.सी. डाबर को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 37 विभागों के 114 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति हुई और अनेक विभागों द्वारा योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली गईं। अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें महाकौशल अंचल में रहने वाली बैगा जनजाति द्वारा किये जाने वाले प्रभावशाली लोक नृत्य, लोक संगीत की धुनों के साथ प्रस्तुत किये गये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

21 जनवरी

एसएससी 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करेगा मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा

● कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं

में मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा-2022 (नॉन टेक्निकल) आयोजित करेगा। इन 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उर्दू, तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, असमिया, बांग्ला, गुजराती, कोंकणी, मराठी, उड़िया और पंजाबी शामिल हैं। एसएससी ने इस संबंध में आधिकारिक बयान में कहा कि अब नॉन टेक्निकल वर्ग की टास्किंग स्टाफ परीक्षा 15 भाषाओं में आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी चयन आयोग देश की सबसे बड़ी भर्ती एजेंसियों में से एक है, जिसका मुख्य कार्य विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के सभी ग्रुप-बी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी (गैर-तकनीकी) पदों पर भर्ती करना है।

● ऊर्जा सुरक्षा को लेकर कई मोर्चों पर काम कर रहे भारत ने श्रीलंका के सामने अक्षय ऊर्जा का हब बनाने का प्रस्ताव रखा है। भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री रानिल विक्रमसिंघे के बीच कोलंबो में हुई मुलाकात के दौरान इस प्रस्ताव पर सहमति बनी है। भूटान और नेपाल के बाद श्रीलंका तीसरा पड़ोसी देश है, जहां भारत ऊर्जा स्रोतों को विकसित कर आपस में इसके इस्तेमाल करने की रणनीति को आगे बढ़ा रहा है। भूटान और नेपाल में भारत पनबिजली परियोजनाएं लगा रहा है। वहीं श्रीलंका में भारत की पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा विकल्पों पर काम करने की तैयारी है।

22 जनवरी

महिला अधिकारों के हनन पर संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान को दी चेतावनी

● अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान सरकार में महिलाओं पर लगाये

जा रहे प्रतिबंधों पर संयुक्त राष्ट्र ने कड़ा रुख अपनाया है। संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान सरकार को चेतावनी दी है कि अगर महिलाओं के अधिकारों का दमन किया गया तो अफगानिस्तान विश्व में अलग-थलग पड़ जायेगा। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान दौरे पर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से हुई चर्चा के दौरान यह बात कही। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद कर रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने एक बयान जारी कर कहा कि इस दौरे का उद्देश्य अफगानिस्तान के हालात का जायजा लेना था। प्रतिनिधिमंडल इस दौरे के निष्कर्षों और सिफारिशों को सभी सदस्य देशों के साथ साझा करेगा, जो आने वाले समय में अफगानिस्तान के प्रति वैश्विक नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं।

● अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि दुनिया अब ताइवान को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि चीन लंबे समय तक ताइवान को अलग देश के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि चीन लगातार ताइवान को दुनिया से अलग-थलग करने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। ब्लिंकन ने चीन द्वारा ताइवान को घेरकर कई युद्धाभ्यासों का जिक्र करते हुये कहा कि ताइवान के खिलाफ चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियां चिंता में डालती हैं।

23 जनवरी

अमेरिका में चीनी नववर्ष मना रहे लोगों पर हुई गोलीबारी

● अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में चीनी नववर्ष मनाने के लिये एकत्रित हुये लोगों पर अंधाधुन फायरिंग की गई। इस गोलीबारी में दस लोगों की मृत्यु हो गई है, वहीं कई लोग घायल हुये हैं। बताया गया कि चीनी मूल के लोगों द्वारा मनाये जाने वाले नववर्ष के उत्सव के लिये हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुये थे, इसी दौरान एक व्यक्ति ने मशीनगन से लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस के स्थिति नियंत्रित करने में कई घंटे लग गये, इसी दौरान हमलावर फरार हो गया। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में फायरिंग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

● चीन के साथ चल रहे गतिरोध के बीच भारतीय वायु सेना ने अपनी तैयारियों को पुख्ता बनाना शुरू कर दिया है। भारतीय वायु सेना पूर्वोत्तर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर युद्धाभ्यास करेगी। इस युद्धाभ्यास को 'प्रलय' नाम दिया गया इस युद्धाभ्यास में ड्रोन स्क्वाड्रन को भी शामिल किया जायेगा। वायु सेना हाल ही में सिक्किम और सिलीगुड़ी कॉरिडोर सेक्टर में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिये ड्रोन के एक स्क्वाड्रन को अन्य स्थानों से पूर्वोत्तर में स्थानांतरित किया था। युद्धाभ्यास प्रलय में पूर्वोत्तर के सभी प्रमुख एयरबेस को शामिल किया जायेगा। भारत ने पूर्वोत्तर में चीन की चुनौतियों से निपटने के लिये एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली को तैनात किया है।

24 जनवरी

नौसेना में शामिल हुई सैंड शार्क आईएनएस वागीर

● भारतीय नौसेना की ताकत में बड़ा इजाफा हुआ है। कलवारी क्लास की पांचवीं पनडुब्बी आईएनएस वागीर भारतीय नौसेना में शामिल हो गई है। इस पनडुब्बी को सैंड शार्क कहा जाता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने मुंबई स्थित नेवल डॉकयार्ड में इस पनडुब्बी को भारतीय नौसेना में कमीशन किया। एडमिरल हरिकुमार ने कहा कि वागीर पनडुब्बी बेहतरीन सेंसर, टॉरपीडो और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। आईएनएस वागीर चुपचाप ढंग से अपने मिशन को अंजाम देने में सक्षम है, इसीलिये इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। स्टील्थ तकनीक वाली इस पनडुब्बी को रडार में पकड़ पाना मुश्किल है, इसमें 533 एमएम के आठ टॉरपीडो

ट्यूब हैं, जिसमें मिसाइलें लोड की जा सकती हैं। इसके अलावा यह पनडुब्बी समुद्र में बारूदी सुरंग बिछाने का काम भी कर सकती है।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक लॉकर की सुरक्षा को लेकर जारी किये गये नये समझौता नियमों को लागू करने की अवधि बढ़ा दी है। इस निर्णय के तहत बैंक अब चरणबद्ध तरीके से 31 दिसम्बर, 2023 तक ग्राहकों के साथ नया समझौता कर सकेंगे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि बड़ी संख्या में लॉकर मालिकों ने नये समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। इस कारण बैंकों को चरणबद्ध तरीके से नये नियमों को लागू करने की छूट दी गई है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने बैंकों को अगस्त 2021 में सभी लॉकर धारकों के साथ नया समझौता करने के लिये कहा था।

25 जनवरी

सीरम इंस्टीट्यूट ने लॉन्च की सर्वाइकल कैंसर की पहली स्वदेशी वैक्सीन

● सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये देश में निर्मित पहली ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लॉन्च की है। इस वैक्सीन को 'सर्वावैक' नाम दिया गया है। इस वैक्सीन को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। सीरम इंस्टीट्यूट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदर पूनावाला ने ट्वीट कर बताया कि सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर इस वैक्सीन को लॉन्च किया जाना हर्ष की बात है। 'सर्वावैक' बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ जैव प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद की साझेदारी का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भारत में हर वर्ष सर्वाइकल कैंसर के लगभग 80 हजार मामले सामने आते हैं। इस वैक्सीन के जरिये सर्वाइकल कैंसर से पूरी तरह बचाव हो सकेगा।

● नेपाल के पश्चिमी इलाके में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई। भूकंप का असर दिल्ली से लेकर जयपुर तक रहा। भूकंप का केंद्र पश्चिमी प्रांत बाजुरा जिले के मेला इलाके में था। भूकंप की वजह से गोमल इलाके में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। नेपाल भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में शामिल है। इससे पहले नेपाल में वर्ष 2015 में 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था। तब लगभग 9 हजार लोग मारे गये थे और 22 हजार लोग घायल हुये थे।

26 जनवरी

अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध होंगे सुप्रीम कोर्ट के निर्णय

● सुप्रीम कोर्ट के फैसले अब अंग्रेजी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं में भी

उपलब्ध होंगे। यह जानकारी भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत गणतंत्र दिवस पर सुप्रीम कोर्ट के 1091 फैसले क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किये गये। उल्लेखनीय है कि संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं दर्ज हैं, इनमें असमी, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी शामिल है। पहले चरण में हिंदी, तमिल, गुजराती और उड़िया भाषा में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद जारी किया गया है। बाद में अन्य भाषाओं में भी अनुवाद किया जायेगा।

● रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से जारी युद्ध के थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इस बीच जर्मनी ने अपने मुख्य युद्धक टैंक लेपर्ड-2 को यूक्रेन को देने की घोषणा की है। माना जा रहा है कि जर्मनी ने यह फैसला नाटो देशों के दबाव में लिया है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि यह निर्णय यूक्रेन की सहायता करने की हमारी नीति का एक हिस्सा है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य यूरोपीय देशों को लेपर्ड-2 टैंक यूक्रेन को देने की अनुमति दी है। जर्मनी के अलावा अमेरिका ने यूक्रेन को 31 एम-1 अब्राम टैंक तथा ब्रिटेन ने चैलेंजर टैंक भेजने की घोषणा की है। यूक्रेन को दी जा रही मदद पर रूस ने कड़ा ऐतराज जताया।

27 जनवरी

घरेलू उड़ानों की टिकट डाउन ग्रेड करने पर 75 प्रतिशत रिफंड देंगी विमानन कंपनियां

● नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट (सीएआर) में संशोधन किया है। डीजीसीए द्वारा यह बदलाव उन यात्रियों के लिये

किया गया है, जो विमानन कंपनियों की ओर से मना करने, उड़ान रद्द करने और उड़ान में देरी के कारण बोर्डिंग नहीं कर पाते हैं। इस संशोधन से उन यात्रियों को भी मदद मिलेगी, जिनकी अनुमति के बगैर उनके टिकट को उच्च श्रेणी से सामान्य श्रेणी में डाउन ग्रेड कर दिया गया हो। अगर घरेलू उड़ानों में यात्री के टिकट को डाउन ग्रेड किया गया तो विमानन कंपनी को यात्री को किराये की 75 प्रतिशत राशि रिफंड करनी होगी, वहीं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में टिकट डाउन ग्रेड करने पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत कर सहित टिकट की कीमत की 30 से 75 प्रतिशत राशि लौटानी पड़ेगी। रिफंड का प्रतिशत उस उड़ान में तय की गई दूरी के आधार पर निर्धारित होगा।

● संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और संभावनाओं को लेकर वर्ष 2023 की रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भारत की विकास दर 6 प्रतिशत रहेगी, जबकि अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 में विकास दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ने भारत में ब्याज दरों में हुई वृद्धि को भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष एक बड़ी चुनौती के तौर पर चिन्हित किया है। रिपोर्ट के अनुसार ब्याज दरों के बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक

रोज़गार और निर्माण

में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 05 30.01.2023 से 05.02.2023

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

हर क्लास को स्मार्ट क्लास बना कर सीहोर के शिक्षकों ने इतिहास रचा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनसहयोग से सीहोर जिले की हर क्लास को स्मार्ट क्लास बनाकर शिक्षकों ने इतिहास रचा। शिक्षकों ने अपने खून पसीने की कमाई से 4 करोड़ 25 लाख रुपये एकत्र किए और जिले के 1552 विद्यालयों को 1630 स्मार्ट टीवी प्रदान किए। जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने भी इसमें पूरा सहयोग किया। प्रदेश के विकास में सरकार के साथ समाज के सहयोग का यह अनुकरणीय उदाहरण है। यह अद्वितीय कार्य पूरे प्रदेश को प्रेरणा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा मैं जिले के अध्यापकों का अभिनंदन और उनको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे इसी पवित्र भावना के साथ कार्य करें और प्रदेश के हर विद्यालय को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनायें। मुख्यमंत्री सीहोर जिले के नसरुल्लागंज में "हर शाला-स्मार्ट शाला" कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने दानदाता शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के समाधानकारक उत्तर दिए और उन्हें प्राणायाम करके बताया। मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 20 से 25 किलोमीटर की परिधि में सीएम राइज स्कूल शुरू कर रही है, जो आधुनिक एवं उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के केन्द्र होंगे। इनके लिए आधुनिक लैब, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास जैसी सभी सुविधाओं से युक्त भवन बनाये जा रहे हैं। प्रत्येक भवन की लागत लगभग 35 करोड़ रुपये है। आसपास के गांवों से विद्यार्थी बसों से इन विद्यालयों में जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा के लिए हरसंभव सहायता दिलवाएगी। मेधावी विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत और अधिक अंक लाने पर लैपटॉप प्रदान किया जाता है। अब सरकार 10वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को भी लैपटॉप दिए जाने का सोच रही है। उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भर रही है। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी प्रारंभ की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजी पढ़ना चाहिए परंतु इसकी अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए। स्कूलों में विद्यार्थियों को अतिरिक्त अध्ययन सहायता के लिए मुख्यमंत्री अध्ययन केंद्र खोले जा रहे हैं। प्रदेश में शीघ्र ही 1 लाख 14 हजार सरकारी पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए प्रशिक्षण सुविधा भी सरकार दिलवाएगी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और उनके प्रश्नों के समाधानकारक उत्तर दिए। मुख्यमंत्री ने 'हर शाला-स्मार्ट शाला' अभियान में सर्वश्रेष्ठ सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाने के लिए नसरुल्लागंज विकासखंड को पुरस्कृत किया। अभियान में सर्वप्रथम हर विद्यालय को स्मार्ट क्लास विद्यालय बनाने के लिए जनशिक्षा केंद्र सोयत को पुरस्कृत किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है। छात्रों को स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार का प्रयास प्रशंसनीय है।

नाखून बताते हैं गंभीर बीमारियों के लक्षण

मनुष्य के शरीर में हाथ और पांव दोनों जगह पर नाखून होते हैं। समय-समय पर इनके बढ़ जाने पर इन्हें काटना भी होता है, लेकिन हाल ही हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि यदि मनुष्य को गंभीर बीमारी है, तो इसके लक्षण नाखून पर नजर आने लगते हैं। अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि नाखून की मदद से गठिया, सूजन, दिल संबंधी बीमारी और कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है। येल के स्कूल ऑफ मेडिसिन और न्यूयॉर्क के कर्निल विश्वविद्यालय की ओर से यह शोध किया गया है। शोध में विशेषज्ञों ने नाखूनों पर दिखाई देने वाले गंभीर बीमारियों के चेतावनी संकेतों के बारे में जानकारी दी। शोधकर्ताओं के अनुसार मनुष्य के दैनिक जीवन में खराब आहार का असर नाखूनों पर दिखने लगता है। उनके हाथ भुरभुरे या भंगुर की तरह हो जाते हैं। अधिक गंभीर स्थिति में उनके छिलने फटने की संभावना बढ़ जाती है, इसके लिए शोधकर्ता आयरन की कमी को प्रमुख कारक मानते हैं। नाखूनों का जुड़ा होना इस बात का संकेत देते हैं कि फेफड़े ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। रक्त की आपूर्ति में ऑक्सीजन की कमी के साथ समस्याएं शरीर के अंगों में अधिक रक्त एकत्र कर सकती हैं। इसका असर उंगलियों पर पड़ता है। कई लोगों के नाखूनों के नीचे चोट के निशान हो जाते हैं। अगर यह दाग काफी दिनों से बना हुआ है, तो यह कैंसर का संकेत हो सकता है। नाखूनों में उभार या टूटना अक्सर (बैक्टीरिया) या फंगल संक्रमण का कारण माना जाता है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ मामलों में यह गठिया की शुरुआती चेतावनी का संकेत भी हो सकता है। कुछ लोगों के नाखूनों पर लाल रंग की धारियां या लकीर आ जाती हैं, जो नाखून के एक हिस्से पर हल्के लाल या भूरे रंग की रेखाओं की तरह दिखती हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार यह निशान बैक्टीरियल एंडोकर्डिटिस नामक हृदय स्थिति का पहला चेतावनी संकेत हो सकता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

कुष्ठ उन्मूलन दिवस | 30 जनवरी

'कुष्ठ' रोग कलंक नहीं है

महात्मा गांधी व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं, क्योंकि उनके निजी जीवन में किए गए कार्य तत्कालीन समाज के लिए भी प्रासंगिक और अनुकरणीय थे, आज भी हैं और निश्चित ही आने वाले कल में भी बने रहेंगे। कुष्ठ या जिसे सामान्य भाषा में कोढ़ भी कहा जाता है, विश्व के इतिहास में उपलब्ध सबसे पुरानी बीमारियों में यह एक है। महात्मा गांधी द्वारा कुष्ठ रोगियों के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के कारण उनकी पुण्यतिथि 30 जनवरी को कुष्ठ उन्मूलन दिवस मनाया जा रहा है।

मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाने के लिए बिहार के 1917 के चंपारण आंदोलन को जाना जाता है। अफ्रीका से लौटे बापू वहां नील की खेती कर रहे किसानों पर हो रहे अंग्रेजों और जमींदारों के अत्याचारों को रोकने के लिए गए हुए थे। इस दौरान यहां मिले कुष्ठ के मरीजों की भी बापू ने सेवा की थी। कुष्ठ के उन्मूलन और इसके प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए बापू के द्वारा शुरू किए इस पुनीत कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

महात्मा गांधी के सम्मान में मनाते हैं यह दिन

भारत में महात्मा गांधी के कुष्ठ रोग के उन्मूलन के प्रयासों को देखते हुए उन्हें उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एंटी लेप्रोसी डे को 30 जनवरी को मनाए जाने का निर्णय लिया गया था। जबकि वैश्विक समुदाय विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस प्रतिवर्ष जनवरी माह के अंतिम रविवार को पूरी दुनिया में मनाता है। इस वर्ष यह दिवस 29 जनवरी को संपूर्ण विश्व में मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य, कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की सहायता तथा इस रोग से पीड़ित लोगों की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस दिवस के अवसर पर संसार भर के लोग कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों को सहयोग प्रदान करते हैं तथा कुष्ठ रोग से पीड़ित होने वाले लोगों की सहायता के लिए धन भी इकट्ठा करते हैं। फ्रांस के लेखक और समाजसेवी राउल फोलेरो महात्मा गांधी के कुष्ठ रोगियों के हित में किए गए कार्यों को सम्मान देने के लिए विश्व कुष्ठ दिवस को महात्मा गांधी को समर्पित करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने इसके लिए जनवरी का अंतिम सप्ताह यानी गांधी की पुण्यतिथि के सप्ताह को चुना। इसके बाद 1954 से पूरी दुनिया में इसे मनाया जाने लगा। महात्मा गांधी को कुष्ठ की बीमारी के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने और उन लोगों से दूर रहने के बजाय उन्हें अपनाने के लिए भी पूरी दुनिया में याद किया जाता है।

वर्ष 2023 की थीम "Act Now : End Leprosy"

विश्व कुष्ठ रोग दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम "Act Now : End Leprosy" अर्थात् कुष्ठ को खत्म करने के लिए कार्य करें पर केन्द्रित है। संपूर्ण विश्व से कुष्ठ रोग को समाप्त करने और उसके प्रति विश्व में फैले कलंक और भेदभाव को समाप्त करना है। 'एक्ट नाउ : एंड लेप्रोसी' अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग समाप्त करने और वास्तविक प्रतिबद्धता को प्रेरित करने के लिए विश्व के सभी देशों को सशक्त बनाना है। कुष्ठ की संख्या शून्य करने के लिए विश्व के सभी देशों के प्रशासन, दानदाताओं, निर्णायकों और वैश्विक स्वास्थ्य समुदाय से आह्वान किया है।

खत्म करना संभव है

हमारे पास बीमारी को पूरी तरह ख़त्म करने और बीमारी को फैलने से रोकने की शक्ति और साधन हैं।

अभी कार्य करें

कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए हमें संसाधनों और प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। कुष्ठ उन्मूलन को प्राथमिकता पर रखना आवश्यक है।

कुष्ठ रोग का इलाज संभव है इसलिए हम कुष्ठ को खुद से दूर कर सकते हैं। इस वर्ष इस दिवस को मनाने के लिए देश-दुनिया में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर भी हैशटैग #WorldLeprosyDay, #ActNow, #EndLeprosy, #EndHD अभियान चलाए जाएंगे।

क्या है कुष्ठ रोग

लेप्रोसी एक ऐसी बीमारी है जो हवा में मौजूद बैक्टीरिया के जरिए फैलती है। लेप्रोसी को हैनसेन रोग भी कहा जाता है। यह बीमारी बहुत धीमी रफ्तार से विकसित होने वाले बैक्टीरिया के माध्यम से फैलती है, इसलिए पूरी तरह इसके लक्षण सामने आने में कई वार 4 से 5 साल का समय भी लग जाता है। जिस बैक्टीरिया के कारण यह बीमारी फैलती है, उसे माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रै कहा जाता है। इसी कारण इस बीमारी का अंग्रेजी में नाम लेप्रोसी रखा गया है। इसे कुष्ठ या कोढ़ भी कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिस पर आज दुनिया के अधिकतर देश नियंत्रण कर चुके हैं। हमारे देश में भी अब नए मामले कुल जनसंख्या के 1 प्रतिशत से भी कम हैं। कुष्ठ रोग के पूरी तरह उन्मूलन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन 1995 से विश्वभर के सभी कुष्ठ रोगियों के लिए मल्टी ड्रग थैरेपी मुफ्त में उपलब्ध करा रहा है। यह नवजात शिशु से लेकर उम्र दराज व्यक्ति तक किसी को भी हो सकता है। कुष्ठ रोग, माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री का क्रॉनिक संक्रमण है। यह रोग मुख्यता त्वचा, पेरिफेरल नर्व्स और श्वसन मार्ग के ऊपरी भाग के म्युकोसा और आंखों को प्रभावित करता है। इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और अगर प्रारंभिक चरणों में ही उपचार उपलब्ध करा दिया जाए तो विकलांगता से बचा जा सकता है। यह एक संक्रामक रोग है जो पीड़ित से स्वस्थ लोगों तक पहुंच जाता है। यह एक प्रोग्रेसिव इंफेक्शन है, समय के साथ कई गंभीर जटिलताएं विकसित हो जाती हैं।

इस बीमारी के कारण

कुष्ठ रोग, बैक्टीरिया माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री के संक्रमण के कारण होता है, यह बैक्टीरिया बहुत धीरे-धीरे मल्टीप्लाय करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस रोग का सामान्य इनक्युबेशन पीरियड (समय का वह अंतराल जब व्यक्ति संक्रमण की चपेट में आता है और जब पहला लक्षण दिखाई देता है) 3-5 वर्ष होता है, कई लोगों में तो 20 वर्ष तक लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। इसलिए डॉक्टरों के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि व्यक्ति कब और कहां इसके संक्रमण की चपेट में आया है। इस बीमारी में पलक झपकने में दिक्कत, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथ और पैरों में सुन्नपन, हाथ-पैर की संवेदना खत्म होना आदि लक्षण महसूस होते हैं। नेशनल लेप्रोसी इरेडिकेशन प्रोग्राम रिपोर्ट के मुताबिक साल 2000 में दस हजार की जनसंख्या पर 14.9 के अनुपात से कुष्ठ रोगियों की संख्या थी। वहीं 31 मार्च 2022 में दस हजार की जनसंख्या पर कुष्ठ रोगियों का अनुपात 0.80 है।

कुष्ठ उन्मूलन के सद्भावना राजदूत

1965 में योहेई सासाकावा अपने पिता के साथ दक्षिण कोरिया के एक कुष्ठ उपचार केंद्र में गए। उन्होंने वहां कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों द्वारा सामना किए जाने वाले भेदभाव को देखकर कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पिछले 40 सालों से विश्व भर में कुष्ठ उन्मूलन के लिए वे काम कर रहे हैं। उनके इस सेवा भावना को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन्हें सद्भावना राजदूत घोषित किया है। 83 साल के योहेई ने एक साक्षात्कार में बताया था कि, उनके पिता की एक महिला मित्र को कुष्ठ रोग था। वो उनके घर के पास ही रहती थीं। अचानक वो गायब हो गईं। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उन्हें इस रोग की वजह से एकांत में रहने के लिए भेज दिया गया है। इस घटना ने उन्हें झकझोर कर रख दिया। जिसके बाद योहेई ने कुष्ठ रोगियों के लिए काम करने का संकल्प लिया।

कुष्ठ रोगियों के लिए काम करने वाले बाबा आमटे

उन दिनों कुष्ठ रोग यानी कि कोढ़ की बीमारी को दैवीय श्राप माना जाता था और कोढ़ रोगियों को समाज से बाहर कर दिया जाता था। न तो उनके लिए कोई इलाज था और न ही कोई उन्हें अपने यहां आश्रय देता था। तेज बारिश हो रही थी। ऐसे में एक कुष्ठ रोगी खुले में असहाय पड़ा कराह रहा था। कोई उसकी मदद करने वाला नहीं था। तभी वहां से गुजरने वाले एक व्यक्ति की इस रोगी पर नजर पड़ी। वह इसकी दयनीय दशा देखकर अंदर तक हिल गया। उसके मन में ख्याल आया कि इस रोगी की जगह अगर वह स्वयं होता तो। इस घटना ने उसे इतना प्रभावित किया कि उसने उसी क्षण से कुष्ठ रोगियों की सेवा करने का व्रत ले लिया। उसने फौरन उस रोगी को उठाया और अपने घर की ओर चल पड़ा। वह नहीं जानता था कि कुष्ठ रोग कैसे होता है और इसका उपचार कैसे किया जाता है। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के घने जंगलों में आनंदवन नामक एक आश्रम की स्थापना की ताकि इन रोगियों का उपचार ही नहीं उनका पुनर्वास भी किया जा सके। वह चाहता था कि कुष्ठ रोग का शीघ्र ही कोई अच्छा उपचार मिल जाए। इसके लिए वह लगातार प्रयोग करता रहा। एक बार तो उसने कुष्ठ रोग के बैक्टीरिया को चिकित्सकीय प्रयोग के लिए स्वयं अपने शरीर में ही प्रविष्ट करा लिया ताकि उचित शोध कर उपचार में सफलता हासिल कर सके। कुष्ठ रोगियों के इस महान सेवक का नाम था मुरलीधर देवीदास आमटे, जिन्हें लोग बाबा आमटे कहते थे। गांधीजी ने कुष्ठ रोग के क्षेत्र में अथक प्रयासों के लिए बाबा आमटे को अभय साधक नाम दिया था। बाबा आमटे को उनके कार्यों के लिए बहुत से पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया। भारत सरकार की ओर से उन्हें 1971 में पद्मश्री दिया गया और बाद में पद्मविभूषण से अलंकृत हुए। उन्हें साल 1983 में अमेरिका के 'डेमियन डट्टन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसे कुष्ठ रोग के क्षेत्र में कार्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान कहा जाता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2019, परीक्षा दिनांक 12.01.2020 (रविवार)
संशोधित पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम
(माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा निर्णित याचिका क्र. - 23828/2022, निर्णय दिनांक 29.11.2022 एवं निर्णित याचिका क्रमांक - 542/2021, दिनांक 07.04.2022 तथा अन्य संलग्न याचिकाओं के परिपालन में)

विज्ञप्ति क्र. 13039/04/2020/अनु.-10 **इन्दौर, दिनांक : 13.01.2023**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-03/2019/14.11.2019, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 09.12.2019, (1) शुद्धि पत्र क्रमांक-01/03/2019 दिनांक 18.11.2019 (परीक्षा शुल्क के संबंध में।), (2) शुद्धि पत्र क्रमांक-02/03/2019 दिनांक 19.11.2019 (पद संयोजन के संबंध में।), (3) शुद्धि पत्र क्रमांक-03/03/2019 दिनांक 05.11.2019 (पद संयोजन/पद संशोधन के संबंध में।), (4) शुद्धि पत्र क्रमांक-04/03/2019 दिनांक 09.12.2019 (अधिकतम आयु सीमा एवं ऑनलाइन आवेदन अवधि में वृद्धि की सूचना के संबंध में।), (5) शुद्धि पत्र क्रमांक-05/03/2019 दिनांक 12.12.2019 (पद संयोजन के संबंध में।), (6) शुद्धि पत्र क्रमांक-06/03-04/2019 दिनांक 02.01.2020 (प्रवेश पत्र की उपलब्धता अवधि में परिवर्तन की सूचना के संबंध में।), (7) शुद्धि पत्र क्रमांक-07/03/2019 दिनांक 28.01.2020 (रिक्तियों की संख्या में संशोधन की सूचना के संबंध में।) (8) शुद्धि पत्र क्रमांक-08/03/2019 दिनांक 17.12.2020 (रिक्तियों की संख्या में संशोधन एवं वर्दीधारी पदों हेतु आयु सीमा के निर्धारण की सूचना।) के अंतर्गत **कुल-571** पदों हेतु राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019, दिनांक 12.01.2020 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपरान्ह 02:15 से 04:15 तक प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

02. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	137	11	दृष्टिबाधित (VH)-8
अनुसूचित जाति (SC)	79	2	श्रवणबाधित (HH)-7
अनुसूचित जनजाति (ST)	102	3	अस्थिबाधित (OH)-7
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	196	5	बहुविकलांग (MD)-3
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	57	1	
कुल	**571**	**22**	**कुल-25**

03. पूर्व में आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 का परीक्षा परिणाम आयोग द्वारा विज्ञप्ति क्रमांक-7061/04/2020/अनु.-10 दिनांक 21.12.2020 को घोषित किया गया था। उक्त घोषित परीक्षा परिणाम को माननीय उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक-542/2021 एवं अन्य समान याचिकाओं द्वारा चुनौती दी गई थी। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक-542/2021 एवं अन्य समान याचिकाओं में दिनांक 07.04.2022 के आदेशानुसार आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 का पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम दिनांक 10.10.2022 को जारी किया गया था। उक्त पुनरीक्षित घोषित परीक्षा परिणाम को पुनः याचिका क्रमांक-23828/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं द्वारा पुनः चुनौती दी गई। माननीय न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक-23828/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं में दिनांक 29.11.2022 के निर्णय के परिपालन में उपरोक्त घोषित पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति क्रमांक-7819/04/2020/अनु.-10, दिनांक 10.10.2022 को तत्काल निरस्त किया जाता है।

04. माननीय न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक-23828/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं में राज्य सेवा परीक्षा-2019 के प्रारंभिक परीक्षा परिणाम दिनांक 21.12.2020 के संदर्भ में दायर याचिका क्रमांक-542/2021 के निर्णय का पालन करते हुए केवल नवीन अर्ह अभ्यर्थियों की विशेष मुख्य परीक्षा का आयोजन किए जाने हेतु आदेशित किया गया है।

तद्नुसार डब्ल्यू.पी.-542/2021 के निर्णय दिनांक 07.04.2022 के परिपालन में प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम असंशोधित राज्य सेवा परीक्षा नियम-2015 के अनुसार किया जा रहा है। अतएव पूर्व घोषित-308 अभ्यर्थी जिन्हें पूर्व घोषित प्रारंभिक परीक्षा परिणाम दिनांक 21.12.2020 में मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह घोषित किया गया था अब उन्हें अनर्ह घोषित किया जाता है जिनके प्रारंभिक परीक्षा के अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2019
ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES DISQUALIFIED

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100102	38.	124746	75.	148181	112.	191202
2.	100892	39.	125862	76.	148393	113.	192657
3.	101119	40.	126173	77.	148862	114.	193683
4.	101199	41.	126364	78.	149190	115.	195987
5.	101601	42.	126460	79.	151959	116.	197635
6.	101789	43.	129509	80.	151962	117.	197647
7.	101850	44.	130015	81.	156871	118.	198877
8.	102088	45.	130135	82.	163380	119.	199985
9.	102140	46.	131027	83.	163953	120.	206839
10.	102725	47.	131972	84.	165612	121.	209258
11.	103461	48.	132130	85.	166717	122.	209733
12.	104346	49.	132359	86.	167399	123.	215798
13.	107033	50.	134121	87.	167564	124.	218051
14.	107771	51.	134179	88.	167602	125.	218124
15.	107786	52.	134325	89.	168635	126.	218392
16.	107861	53.	134326	90.	168944	127.	218548
17.	108417	54.	134538	91.	170928	128.	218610
18.	108518	55.	134921	92.	173886	129.	218834
19.	111524	56.	135252	93.	174754	130.	219026
20.	112106	57.	135681	94.	176364	131.	219206
21.	112137	58.	135820	95.	177103	132.	219245
22.	114593	59.	136615	96.	178499	133.	219909
23.	116460	60.	136632	97.	179081	134.	220258
24.	116532	61.	137316	98.	179135	135.	220283
25.	117152	62.	137802	99.	179148	136.	220339
26.	117308	63.	138062	100.	179927	137.	221637
27.	117870	64.	138213	101.	181098	138.	223259
28.	118128	65.	138247	102.	181717	139.	223483
29.	118876	66.	139585	103.	183317	140.	225369
30.	120135	67.	140879	104.	185326	141.	225781
31.	120637	68.	142207	105.	185532	142.	225956
32.	120705	69.	143521	106.	187000	143.	226147
33.	120762	70.	144035	107.	187539	144.	229078
34.	120812	71.	144669	108.	187908	145.	231894
35.	120989	72.	146120	109.	187958	146.	233014
36.	121368	73.	147540	110.	188144	147.	233211
37.	121589	74.	147680	111.	190050	148.	234374

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
149.	235663	189.	318189	229.	362458	269.	403656
150.	236071	190.	318263	230.	363314	270.	405463
151.	236165	191.	319193	231.	364334	271.	405675
152.	236944	192.	319498	232.	368215	272.	406926
153.	237491	193.	320615	233.	370616	273.	406950
154.	237739	194.	324788	234.	371828	274.	407404
155.	238034	195.	324827	235.	375606	275.	409437
156.	238206	196.	325033	236.	375681	276.	409495
157.	238500	197.	325101	237.	375767	277.	409655
158.	238716	198.	325635	238.	376018	278.	410138
159.	238759	199.	328547	239.	376183	279.	412204
160.	238818	200.	329925	240.	376324	280.	412418
161.	239509	201.	330734	241.	376520	281.	413081
162.	239701	202.	331249	242.	377052	282.	413771
163.	241368	203.	331672	243.	378207	283.	416759
164.	247528	204.	332525	244.	379151	284.	417913
165.	247861	205.	333749	245.	379894	285.	418089
166.	249049	206.	336553	246.	380568	286.	418134
167.	250046	207.	336998	247.	380849	287.	420120
168.	250518	208.	337432	248.	381201	288.	420262
169.	250810	209.	339700	249.	382557	289.	421074
170.	252580	210.	340353	250.	383038	290.	421337
171.	253101	211.	340736	251.	383671	291.	427042
172.	256107	212.	340959	252.	383978	292.	432218
173.	256177	213.	341243	253.	385566	293.	432913
174.	261640	214.	342720	254.	385913	294.	434197
175.	273679	215.	343642	255.	386031	295.	437231
176.	274253	216.	344311	256.	388087	296.	440238
177.	275550	217.	344749	257.	388526	297.	444206
178.	277547	218.	345090	258.	389515	298.	445344
179.	278919	219.	346897	259.	390295	299.	448033
180.	279041	220.	347270	260.	391174	300.	448069
181.	280111	221.	347611	261.	392976	301.	449203
182.	293600	222.	349241	262.	393243	302.	450600
183.	295994	223.	351577	263.	396659	303.	454117
184.	308545	224.	353436	264.	397766	304.	454882
185.	315418	225.	356213	265.	397907	305.	457118
186.	316185	226.	359025	266.	398272	306.	462900
187.	316265	227.	360441	267.	399865	307.	463859
188.	316757	228.	361980	268.	403275	308.	463895

इनमें से वे 34 अभ्यर्थी जिन्हें पूर्व घोषित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 के परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2021 में साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किया गया था, उन्हें साक्षात्कार हेतु भी अनर्ह घोषित किया जाता है जिनके मुख्य परीक्षा के अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2019
ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES DISQUALIFIED FOR INTERVIEW

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100027	10.	102962	19.	105781	28.	107758
2.	100066	11.	103240	20.	106028	29.	108172
3.	100430	12.	103797	21.	106139	30.	108699
4.	100451	13.	103902	22.	106567	31.	108973
5.	100579	14.	104341	23.	106856	32.	109658
6.	101366	15.	104389	24.	106909	33.	110311
7.	102396	16.	104672	25.	107163	34.	110367
8.	102410	17.	104900	26.	107320		
9.	102788	18.	105665	27.	107443		

इसी अनुक्रम में पूर्व घोषित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 का परीक्षा परिणाम विज्ञप्ति क्रमांक-8657/18/2021/अनु.-10, दिनांक 31.12.2021 को भी निरस्त किया जाता है।

05/ राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 का संशोधित पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाए :-

1. सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।
2. उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।
3. उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
4. समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
5. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन-पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।
6. तत्पश्चात् मुख्य भाग (87) प्रतिशत का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।
7. प्राविधक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गों (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के

पश्चात् जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए।

8. सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाएं।

9. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।

10. माननीय उच्च न्यायालय मुख्यपीठ, जबलपुर द्वारा डब्ल्यू.पी.-542/2021 एवं अन्य याचिकाओं के अंतिम निर्णय दिनांक 07.04.2022 के परिपालन में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 का पूर्व घोषित परीक्षा परिणाम दिनांक 21.12.2020 निरस्त किया जाता है। इस अनुक्रम में पूर्व घोषित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा परिणाम-2019 का परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2021 भी निरस्त किया जाता है।

11. समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम निम्नानुसार दो भागों में है - (अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत के आधार पर) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु)।

मुख्य भाग - अ के लिए मुख्य परीक्षा हेतु उपरोक्त पदों के 15 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

मुख्य भाग - अ

श्रेणी	कुल अर्ह अभ्यर्थी	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन (PH)
अनारक्षित (UR)	3004	166	दृष्टिबाधित (VH)-115
अनुसूचित जाति (SC)	1420	34	श्रवणबाधित (HH)-105
अनुसूचित जनजाति (ST)	1800	13	अस्थिबाधित (OH)-76
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	1715	80	बहुविकलांग (MD)-47
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	1026	02	
कुल	**8965**	**295**	**कुल-343**

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के पुनरीक्षित परीक्षा परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु भाग-अ के लिए प्रावधिक रूप से अर्ह पाए गए कुल-8965 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2019 - REVISED PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100021	64.	101005	127.	102054	190.	102777
2.	100025	65.	101021	128.	102065	191.	102782
3.	100047	66.	101023	129.	102079	192.	102786
4.	100053	67.	101024	130.	102092	193.	102811
5.	100056	68.	101059	131.	102094	194.	102844
6.	100057	69.	101072	132.	102125	195.	102855
7.	100060	70.	101075	133.	102127	196.	102862
8.	100068	71.	101084	134.	102172	197.	102873
9.	100071	72.	101140	135.	102204	198.	102875
10.	100077	73.	101160	136.	102225	199.	102885
11.	100096	74.	101165	137.	102230	200.	102941
12.	100105	75.	101224	138.	102248	201.	102967
13.	100108	76.	101226	139.	102253	202.	102986
14.	100123	77.	101228	140.	102260	203.	102996
15.	100129	78.	101230	141.	102267	204.	103014
16.	100134	79.	101254	142.	102306	205.	103028
17.	100154	80.	101263	143.	102317	206.	103031
18.	100179	81.	101288	144.	102320	207.	103032
19.	100191	82.	101298	145.	102335	208.	103039
20.	100213	83.	101320	146.	102339	209.	103049
21.	100216	84.	101358	147.	102356	210.	103052
22.	100252	85.	101381	148.	102370	211.	103057
23.	100281	86.	101401	149.	102373	212.	103069
24.	100283	87.	101409	150.	102388	213.	103076
25.	100300	88.	101448	151.	102390	214.	103083
26.	100304	89.	101474	152.	102401	215.	103102
27.	100314	90.	101491	153.	102402	216.	103108
28.	100335	91.	101495	154.	102405	217.	103126
29.	100398	92.	101522	155.	102417	218.	103205
30.	100439	93.	101556	156.	102443	219.	103237
31.	100446	94.	101573	157.	102452	220.	103276
32.	100451	95.	101575	158.	102473	221.	103284
33.	100463	96.	101583	159.	102474	222.	103291
34.	100470	97.	101589	160.	102475	223.	103297
35.	100493	98.	101595	161.	102481	224.	103303
36.	100502	99.	101599	162.	102482	225.	103338
37.	100574	100.	101609	163.	102489	226.	103344
38.	100579	101.	101620	164.	102501	227.	103364
39.	100596	102.	101621	165.	102521	228.	103376
40.	100598	103.	101626	166.	102528	229.	103388
782.	129318	883.	132710	984.	136182	1085.	142092	1186.	152781	1287.	168997	1388.	179541	1489.	189200
783.	129514	884.	132718	985.	136267	1086.	142227	1187.	152922	1288.	169075	1389.	179587	1490.	189224
784.	129538	885.	132725	986.	136278	1087.	142247	1188.	153295	1289.	169121	1390.	179661	1491.	189304
785.	129571	886.	132748	987.	136352	1088.	142318	1189.	153529	1290.	169201	1391.	179711	1492.	189447
786.	129606	887.	132799	988.	136356	1089.	142342	1190.	153626	1291.	169234	1392.	179803	1493.	189454
787.	129647	888.	132862	989.	136367	1090.	142345	1191.	153718	1292.	169332	1393.	179846	1494.	189502
788.	129649	889.	132887	990.	136426	1091.	142368	1192.	153791	1293.	169452	1394.	179867	1495.	189508
789.	129660	890.	132924	991.	136436	1092.	142396	1193.	153820	1294.	169547	1395.	179896	1496.	189536
790.	129730	891.	132978	992.	136441	1093.	142947	1194.	154073	1295.	169606	1396.	179988	1497.	189693
791.	129733	892.	133001	993.	136450	1094.	142951	1195.	154294	1296.	169870	1397.	180093	1498.	189712
792.	129740	893.	133002	994.	136481	1095.	143114	1196.	154507	1297.	169933	1398.	180325	1499.	189787
793.	129785	894.	133021	995.	136496	1096.	143270	1197.	154645	1298.	169945	1399.	180684	1500.	189794
794.	129798	895.	133022	996.	136526	1097.	143411	1198.	154851	1299.	169999	1400.	180712	1501.	189892
795.	129828	896.	133055	997.	136594	1098.	143612	1199.	154995	1300.	170128	1401.	180716	1502.	189965
796.	129856	897.	133058	998.	136624	1099.	143615	1200.	155229	1301.	170292	1402.	180830	1503.	190033
797.	129901	898.	133086	999.	136699	1100.	143675	1201.	155504	1302.	170331	1403.	180867	1504.	190041
798.	129912	899.	133101	1000.	136703	1101.	143869	1202.	156812	1303.	170384	1404.	180889	1505.	190229
799.	129923	900.	133134	1001.	136729	1102.	143930	1203.	157149	1304.	170423	1405.	181142	1506.	190300
800.	129933	901.	133162	1002.	136772	1103.	144002	1204.	157249	1305.	170673	1406.	181159	1507.	190393
801.	130005	902.	133307	1003.	136854	1104.	144154	1205.	157292	1306.	170685	1407.	181216	1508.	190544
802.	130019	903.	133401	1004.	136870	1105.	144365	1206.	157357	1307.	170866	1408.	181280	1509.	190628
803.	130052	904.	133545	1005.	136913	1106.	144512	1207.	157725	1308.	170988	1409.	181348	1510.	190674
804.	130106	905.	133561	1006.	136919	1107.	144534	1208.	158015	1309.	171026	1410.	181353	1511.	190675
805.	130130	906.	133613	1007.	136930	1108.	144747	1209.	158261	1310.	171081	1411.	181637	1512.	190835
806.	130196	907.	133661	1008.	136964	1109.	144783	1210.	158598	1311.	171164	1412.	181870	1513.	190849
807.	130227	908.	133703	1009.	137090	1110.	144861	1211.	158638	1312.	171195	1413.	181919	1514.	191004
808.	130240	909.	133721	1010.	137183	1111.	144897	1212.	159309	1313.	171227	1414.	182018	1515.	191399
809.	130266	910.	133776	1011.	137186	1112.	144901	1213.	159562	1314.	171366	1415.	182320	1516.	191605
810.	130355	911.	133789	1012.	137211	1113.	145101	1214.	159819	1315.	171373	1416.	182360	1517.	191689
811.	130413	912.	133793	1013.	137234	1114.	145183	1215.	160144	1316.	171400	1417.	182380	1518.	191854
812.	130433	913.	133810	1014.	137322	1115.	145489	1216.	160190	1317.	171627	1418.	182409	1519.	191923
813.	130436	914.	133816	1015.	137412	1116.	145529	1217.	160305	1318.	171692	1419.	182616	1520.	191948
814.	130542	915.	133874	1016.	137518	1117.	145565	1218.	160660	1319.	171816	1420.	182639	1521.	191991
815.	130640	916.	133897	1017.	137519	1118.	145613	1219.	160788	1320.	172056	1421.	182662	1522.	191996
816.	130674	917.	133903	1018.	137570	1119.	145627	1220.	160933	1321.	172084	1422.	182808	1523.	192007
817.	130684	918.	134010	1019.	137574	1120.	145634	1221.	161688	1322.	172103	1423.	182820	1524.	192056
818.	130685	919.	134058	1020.	137585	1121.	145767	1222.	162486	1323.	172346	1424.	182841	1525.	192059
819.	130739	920.	134134	1021.	137587	1122.	145793	1223.	162523	1324.	172444	1425.	182891	1526.	192088
820.	130779	921.	134145	1022.	137591	1123.	145883	1224.	162555	1325.	172528	1426.	182930	1527.	192221
821.	130791	922.	134150	1023.	137631	1124.	145983	1225.	162853	1326.	172764	1427.	182945	1528.	192315
822.	130809	923.	134171	1024.	137675	1125.	145989	1226.	162874	1327.	173019	1428.	182950	1529.	192525
823.	130811	924.	134262	1025.	137730	1126.	146191	1227.	163083	1328.	173117	1429.	182977	1530.	192568
824.	130817	925.	134281	1026.	137734	1127.	146433	1228.	163366	1329.	173180	1430.	183158	1531.	192570
825.	130890	926.	134284	1027.	137774	1128.	146535	1229.	163368	1330.	173219	1431.	183191	1532.	192611
826.	130930	927.	134352	1028.	137778	1129.	146564	1230.	163562	1331.	173259	1432.	183199	1533.	192679
827.	130935	928.	134378	1029.	137830	1130.	146819	1231.	163738	1332.	173285	1433.	183598	1534.	192680
828.	130961	929.	134401	1030.	137841	1131.	146961	1232.	163778	1333.	173289	1434.	183657	1535.	192809
829.	130981	930.	134427	1031.	137936	1132.	147465	1233.	163791	1334.	173498	1435.	183774	1536.	192849
830.	131013	931.	134433	1032.	137958	1133.	147473	1234.	163889	1335.	173680	1436.	183900	1537.	192851
831.	131017	932.	134434	1033.	137962	1134.	147505	1235.	163892	1336.	173814	1437.	184076	1538.	192871
832.	131066	933.	134469	1034.	137997	1135.	147695	1236.	164116	1337.	173878	1438.	184077	1539.	192922
833.	131080	934.	134508	1035.	138011	1136.	147748	1237.	164216	1338.	174180	1439.	184089	1540.	192968
834.	131082	935.	134511	1036.	138019	1137.	147805	1238.	164227	1339.	174342	1440.	184182	1541.	193057
835.	131109	936.	134550	1037.	138065	1138.	148024	1239.	164266	1340.	174497	1441.	184291	1542.	193068
836.	131136	937.	134555	1038.	138068	1139.	148049	1240.	164393	1341.	174513	1442.	184529	1543.	193080
837.	131200	938.	134576	1039.	138110	1140.	148098	1241.	164413	1342.	174521	1443.	184543	1544.	193112

(शेष पृष्ठ 23 पर)

गरीबों के कल्याण के लिये बेहतर कार्य कर रही है सरकार - रक्षा मंत्री

मध्यप्रदेश के विकास का इंजन बनेगी ऊर्जाधानी सिंगरौली - मुख्यमंत्री



रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सिंगरौली में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करते हुये।

सिंगरौली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने सिंगरौली जिले में 25 हजार 412 आवासहीन गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में नि:शुल्क भू-खंड का वितरण और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में रीवा संभाग के 6 लाख 78 हजार 408 हितग्राहियों के खातों में 135 करोड़ 68 लाख रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित किये। साथ ही 35 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत वाले बरगवां-बैढ़न मार्ग में लेवल क्रॉसिंग आरओबी, 248 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शासकीय मेडिकल कॉलेज के भवन, 60 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज और ग्राम हिर्रवाह बैढ़न में 33 करोड़ रुपये एवं चकरिया में 31 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत वाले सी.एम. राइज स्कूल का शिलान्यास भी किया।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर गरीबों के कल्याण के इस कार्यक्रम में आकर मैं जो दृश्य देख रहा हूं, वह अद्भुत है। यहां जो जन-सैलाब देख रहा हूं उसकी मुझे कल्पना भी नहीं थी। श्री चौहान को जनता का लगातार आशीर्वाद मिला है। वे जमीन से जुड़कर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। जैसे हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं, वैसे ही मुख्यमंत्री हैं। समस्या के निराकरण की कोशिश उनका स्वभाव है। केंद्र और राज्य सरकार के लिये गरीब का कल्याण ही मंत्र है और यह हमारी प्रतिबद्धता भी है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में गरीब परिवारों को आवास के लिए मुफ्त में जमीन आवंटित कर पुण्य का कार्य किया गया है। ऊर्जाधानी सिंगरौली जिले के 25 हजार से अधिक परिवारों को नि:शुल्क आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराना अद्भुत कार्य है। मुख्यमंत्री की गरीबों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता से ही यह महान कार्य सम्भव हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिंगरौली के शासकीय माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़कर निकलने वाले छात्र सिंगरौली में ही नहीं, बल्कि देश और विदेश में तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। यह शिवराज सरकार का बड़ा काम है। मेडिकल कॉलेज भी यहां खुलेगा।

श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 आते-आते हर गरीब परिवार को सिर पर छत मिल जाएगी। हर परिवार को घर में ही पीने का पानी मिलने लगेगा। हर परिवार खाना पकाने के लिए गैस सिलेण्डर का उपयोग करने लगेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है। पूरे विश्व में आयुष्मान भारत जैसी योजना नहीं है। इस योजना में गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समृद्धशाली और विकसित राष्ट्र का निर्माण हो रहा है। रक्षा मंत्री के नेतृत्व में हमारी भारतीय सेना हर सकंट से निपटने के लिये तैयार है। उनका कहना है कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं और कोई छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत का सामर्थ्य ही था कि यूक्रेन में विपदा के समय हमारे 30 हजार बच्चे भारत का तिरंगा लेकर सकुशल वापस लौट आये।

श्री चौहान ने कहा कि सिंगरौली जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विकास की दौड़ में सिंगरौली पीछे नहीं रहेगा। यह ऊर्जाधानी मध्यप्रदेश के विकास का इंजन बनेगी। शीघ्र ही सिंगरौली-रीवा-जबलपुर औद्योगिक कॉरिडोर भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गरीबों की जिंदगी संवारने का अभियान चलाया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के विकास में किया जायेगा इंदौर ब्रांड का उपयोग - मुख्यमंत्री

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में विगत दिनों प्रवासी भारतीय सम्मेलन और इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन से अभिभूत होकर कहा कि इंदौर अब ग्लोबल सिटी बन गया है। इंदौर एक ब्रांड हो गया है। इंदौर ब्रांड का उपयोग प्रदेश के विकास में किया जायेगा। इंदौर को स्वच्छता के साथ ही विकास के हर क्षेत्र में देश में अव्वल बनाया जायेगा। इंदौर को हेल्थ हब, स्टार्टअप हब, औद्योगिक राजधानी के क्षेत्र में भी अव्वल बनायेंगे।

मुख्यमंत्री ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनके द्वारा दिन-रात पूर्ण लगन, मेहनत एवं कर्मठता से किये गये कार्यों से ही ये आयोजन सफल हुए हैं। इंदौर ने स्वागत-सत्कार की अपनी गौरवशाली परम्परा को कायम रखा। इंदौर के हर नागरिक ने अपनी सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि स्वागत-सत्कार की परम्परा को आगे बढ़ाते हुये इंदौर ने मेहमानों के लिये "पधारो म्हारो इंदौर" कार्यक्रम से एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। मेहमाननवाजी के ऐसे बेहतर उदाहरण विरले ही देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ अहिल्या की कृपा सदैव इंदौर पर रहती है। ये मंच अद्भुत मंच है। मंच पर प्राय: जनप्रतिनिधि रहते हैं, परंतु यह "धन्यवाद इंदौर" का कार्यक्रम है। इंदौर का नाम रोशन करने वाले मंच पर हैं। अपनी कर्मठता, लगनशीलता, कर्तव्यपरायणता से वे आम से खास बन गये हैं। इन्होंने दूसरों के लिये आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। इंदौर ग्लोबल सिटी बन गया है। सभी वर्गों ने अपनी सक्रिय सहभागिता से दोनों आयोजनों को अविस्मरणीय बना दिया। मैं इंदौर को प्रणाम करता हूं। इंदौर एक शहर नहीं परिवार, विचार और संस्कार है। जो ठान लेता है वह करके दिखाता है। स्वच्छता इसका बेहतर उदाहरण है। इंदौर ने दिल खोल कर मेहमानों का स्वागत किया है। मेजबानी का बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इंदौर कमाल का शहर है। सबको अपने जैसा मानो, जियो और जीने दो, वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव अपनाने वाला शहर है।

शोध और नवाचार से उत्पादों की कीमत को कम करने में सहयोग करें वैज्ञानिक

भोपाल, वैज्ञानिक अपने कौशल और क्षमताओं से परंपरागत कारीगरों के उत्पाद की लागत को कम करने में सहयोग करें और इन उत्पादों का राष्ट्रीय स्तर पर एक डाटाबेस तैयार करें, जिससे हमारी विरासत और समृद्ध हो। ये बातें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भोपाल में आयोजित 8वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में आर्टिजन टेक्नोलॉजी के लोकल फॉर वोकल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन कर संबोधित करते हुये कहीं।

श्री सखलेचा ने कहा कि देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इन कारीगरों के सपोर्ट में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में और बाद में हमने और पूरी दुनिया ने भारत के वैज्ञानिकों की क्षमता देखी है। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इन कारीगरों का उत्पादों के लिए तकनीक और प्रौद्योगिकी से सहयोग करना होगा। उन्होंने देश में अनेक उत्पाद जैसे खिलौने आदि के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयास को साझा किया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, क्लस्टर आधारित इकाइयों आदि पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी सपोर्ट के साथ वैज्ञानिकों का सहयोग आवश्यक है। मंत्री श्री सखलेचा ने विभिन्न स्टाल का भ्रमण भी किया और उत्पादों तथा नवाचारों से अवगत हुए।

डॉ. श्रीमती एन. कलैसेल्वी ने कहा कि इस बार विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ से ही मैं इसका हिस्सा हूं। मध्यप्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ने कारीगरों से जुड़ी विभिन्न विधाओं में विज्ञान को जोड़कर अपनी वैज्ञानिक रुचि का परिचय दिया है। सच पूछा जाये तो विज्ञान उत्सव कारीगरों और शिल्पियों के लिए एक प्रेरक आयोजन है। विज्ञान उत्सव में सीएसआईआर की साथ प्रयोगशालाओं के निदेशक भी आये हैं।

नैक ए ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय ही बनेंगे उत्कृष्टता संस्थान - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम राइज उत्कृष्टता संस्थान और आदर्श महाविद्यालयों की प्रगति की समीक्षा की। डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक संभाग में एक महाविद्यालय को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में उन्नत किया जाएगा। सभी सुविधाओं से परिपूर्ण यह संस्थान नैक से 'ए' ग्रेड प्राप्त होंगे और साथ ही स्वायत्त, कोएड और बहुसंकायी होंगे।

डॉ. यादव ने मंत्रालय में समीक्षा बैठक में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विकसित किये जा रहे उत्कृष्टता संस्थान भविष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र होंगे। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर, शासकीय मॉडल साइंस महाविद्यालय ग्वालियर, शासकीय माधव साइंस महाविद्यालय उज्जैन, शासकीय टीआरएस महाविद्यालय रीवा, शासकीय आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय सागर, शासकीय एनएमवी महाविद्यालय नर्मदापुरम और शासकीय पीजी महाविद्यालय मुरैना का सीएम राइज उत्कृष्टता संस्थान के लिए चयन किया गया है। इन संस्थानों में विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा मिलेगी एवं एनसीसी, एनएसएस और योग का प्रशिक्षण भी प्राप्त होगा। उत्कृष्टता संस्थान में उन्नत प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास रूम, ऑडिटोरियम, इनक्यूबेशन सेंटर, सेंट्रल कम्प्यूटर लैब, सेंट्रल रिसर्च लैब, छात्रावास, आईटी सेल आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह संस्थान स्वयं परीक्षा संचालित करेंगे। इन महाविद्यालयों में वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श महाविद्यालय भी विकसित होंगे, जो बहुसंकायी और को-एड होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था और संसाधनों को आधार बना कर ही आदर्श महाविद्यालय शुरू किए जाएंगे। बैठक में महाविद्यालयों के नामकरण के लंबित प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। यह भी निर्णय लिया गया कि वीरांगना रानी दुर्गावती, टंट्या मामा, कबीर दास, गुरुनानक जी, वाल्मीकि जी एवं अन्य महापुरुषों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

उद्योग प्रशिक्षण देकर स्थानीय युवाओं को दें रोज़गार के अवसर - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में गोकलदास एक्सपोर्ट प्रायवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित रेडीमेड गारमेंट इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी, आइए और मध्यप्रदेश में उद्योग लगाइए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दिन इस क्षेत्र के लिए सौभाग्य का दिन है, मात्र 16 माह में फैक्ट्री खड़ी कर देना चमत्कार से कम नहीं है। गारमेंट इकाई में विभिन्न प्रकार के परिधान निर्मित होंगे, जिनसे 5 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि परिधान इकाइयों में बहन-बेटियों के लिए रोज़गार के अवसर अधिक होंगे। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि स्थानीय जन को आवश्यक प्रशिक्षण देकर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

श्री चौहान ने इससे पहले परिसर में स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एक औद्योगिक इकाई के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

मंत्रोच्चारण के बीच शिला पट्टिका का अनावरण कर रेडीमेड गारमेंट इकाई का उद्घाटन किया। इस दौरान औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री और गोकलदास एक्सपोर्ट के श्री शिव रामाकृष्णन गणपति तथा श्री प्रभात कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने हाल ही में इंदौर में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का उल्लेख करते हुए, उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे आएं और औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन मिलते ही तेजी से काम शुरू करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश की पवित्र नगरी ओरछा को अयोध्या से जोड़ा जायेगा - श्री नितिन गडकरी

ओरछा में रामराजा लोक और चित्रकूट में वनवासी रामलोक का निर्माण होगा - मुख्यमंत्री

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुये।

निवाड़ी, बुंदेलखंड की धरती विशेषकर ओरछा में रामलला सरकार की भूमि पर आम लोगों के आवागमन से जुड़े बुनियादी कार्य को करने का सौभाग्य मिला है। जैसे अयोध्या को जनकपुर से जोड़ा जा रहा है, वैसे ही पवित्र नगरी ओरछा को भी अयोध्या से जोड़ा जाएगा, इसकी कार्य-योजना बना रहे हैं। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने निवाड़ी जिले के ओरछा में 6800 करोड़ रुपये की लागत से 18 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने की।

श्री गडकरी ने कहा कि जैसे अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा पद-पथ का निर्माण किया जा रहा है। उसी तर्ज पर ओरछा एवं आसपास के क्षेत्रों को जोड़ते हुये श्रीराम पद-पथ का निर्माण किया जाये। इसमें श्रीराम के जीवन वृतान्त से जुड़ी बातों की कार्ययोजना का समावेश हो। जैसे अयोध्या का वर्णन पुराणों में मिलता है, उसी तर्ज पर श्रीराम से जुड़े संदर्भ एवं वॉल पेंटिंग आदि से जुड़ी बातों को जोड़कर कार्य-योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि पीताम्बरा पीठ दतिया-झांसी-ओरछा सर्किट के निर्माण का रोडमैप तैयार करें। ओरछा के बस स्टैण्ड को आधुनिक बनाने के साथ सौन्दर्यीकरण टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने के लिये प्रस्ताव दें।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राम हमारे रोम-रोम में बसे हैं। हमारा अस्तित्व और प्राण भी राम हैं। श्रीराम भारत की पहचान हैं। भगवान श्रीराम और तुलसीदास बच्चों की पुस्तकों में पढ़ाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में श्री महाकाल महालोक की तर्ज पर ओरछा में रामराजा लोक और चित्रकूट में वनवासी रामलोक का निर्माण किया जायेगा। साथ ही राज्य सरकार राम-वन-गमन पथ पर भी काम करेगी। ओरछा को अयोध्या से जोड़ा जायेगा। श्री गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश को जो सहयोग दिया जा रहा है, उससे हम प्रदेश के सभी बस स्टैंड को आकर्षक और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के परामर्श पर ओरछा में आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण के लिये यथाशीघ्र भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अद्भुत नेतृत्व में मध्यप्रदेश ही नहीं, देश को जोड़ने का काम हो रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश को विकास में अग्रणी बनाने के लिये केंद्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है। आज का दिन, बुंदेलखंड क्षेत्र के लिये अद्भुत दिन है, क्योंकि गडकरी जी अनेक सड़कों की सौगातें लेकर आये हैं। मध्यप्रदेश के विकास के लिये हमने उनसे जो मांगा, उन्होंने उसकी पूर्ति तत्काल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकेले बुंदेलखंड क्षेत्र में ही 44 हजार करोड़ रुपये की सड़कें बन रही हैं। इस क्षेत्र को केन-बेतवा परियोजना की सौगात भी मिल चुकी है। इस परियोजना से शीघ्र ही बुंदेलखंड के खेतों की प्यास बुझेगी और यह क्षेत्र उत्पादन में पंजाब-हरियाणा को भी पीछे छोड़ देगा।

केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि पहले बुंदेलखंड की चर्चा होती थी तो पलायन और भुखमरी की बात होती थी। लेकिन जितनी विरासत बुंदेलखंड में है उतनी देश के किसी हिस्से में नहीं है। शायद कोई छल हमारे साथ हुआ था जो अब समाप्त हो गया।

स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा देने विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं

स्टार्टअप्स के जरिए 67 हजार से अधिक को मिला रोज़गार

भोपाल, स्टार्टअप को आइडिया से प्रोटोटाइप के स्तर पर ले जाने के लिए अनेक सुविधाएं दी जाती हैं। इसमें स्टार्टअप्स की चुनौतियों की पहचान और युवाओं को उनके समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया जाता है। इन प्रयासों का लाभ अब तक लगभग 12 हजार से अधिक स्टार्टअप्स उठा चुके हैं, जिनकी वैल्यूएशन मार्केट में 37 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। इन स्टार्टअप्स ने 67 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार देने का काम भी किया है।

इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में मेंटरिंग और काउंसलिंग सत्र में "एमर्जिंग ट्रेंड्स एंड समानांतर कॅरियर इन स्टेम" विषय पर विशेष सत्र हुआ। प्रमुख वक्ताओं के तौर पर डिपार्टमेन्ट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से साइंटिस्ट और हेड एनएसटीईडीबी सुश्री अनिता गुप्ता, विज्ञान प्रसार के साइंस कम्युनिकेटर श्री बी.के. त्यागी, बीएससी बायोनेस्ट की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुश्री सुमन गुप्ता, डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (डीबीटी) के साइंटिस्ट डॉ. गुलशन ने अपनी बातें रखीं। सुश्री अनिता गुप्ता ने युवाओं को डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल से लेकर कॉलेज के स्तर तक इंस्पायर और वित्त प्रयास जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसमें अपने स्टार्टअप आइडिया को मूर्तरूप देने के लिए 10 हजार से लेकर 10 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। यह आर्थिक सहायता युवाओं को स्टार्टअप को आइडिया से प्रोटोटाइप के स्तर पर ले जाने के लिए दी जाती है।

युवा कम से कम दो ऐसे सवाल जरूर खोजें, जिनका जवाब किसी के पास न हो

श्री बी.के. त्यागी ने साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स स्टडीज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अमेरिका जैसे देशों में स्टेम सब्जेक्ट पढ़ने वालों की तादाद कम होती जा रही है, इसलिए भारतीय अक्सर दिग्गज टेक्नोलॉजी कम्पनियों में बड़े स्थान पर दिखाई देते रहे हैं। लेकिन हमारे यहां पढ़ाई का तरीका काफी अलग है।

उन्होंने कहा कि हम अभी भी पढ़ाई में प्रयोग को कम शामिल करते हैं, हम साइंस को हिस्ट्री की तरह ज्यादा पढ़ते हैं। इस ट्रेंड को बदलने की जरूरत है। विज्ञान को प्रयोग के माध्यम से जरूर देखना चाहिए, क्योंकि साइंस सीखने का सहज तरीका यही है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कम से कम दो ऐसे सवाल जरूर खोजें, जिनका किसी के पास जवाब न हो। यहीं से एक युवक के अंदर प्रॉब्लम को सॉल्व करने की मानसिकता जन्म लेगी और वह एंटरप्रेन्योरशिप में भी आगे बढ़ पाएगा।

समस्याओं से निपटने में मददगार हो रहे हैं स्टार्टअप्स

बायोइंक्यूबेटर में किस प्रकार कम्पनी सिलेक्ट की जाती हैं इसकी जानकारी सुश्री सुमन गुप्ता ने अपने वक्तव्य में विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने इसमें मिलने वाली ग्रांट और प्रमुख स्टार्टअप के कार्यों को भी बताया। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक स्टार्टअप ने भूसे और पराली से बायोडिग्रेडेबल मटेरियल तैयार किया है। यह स्टार्टअप समस्याओं से निपटने के साथ ही किसानों के लिए आय के अवसर भी पैदा कर रहा है।

डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के साइंटिस्ट डॉ. गुलशन ने कहा कि डीबीटी किस प्रकार युवाओं को सपोर्ट करता है, किस प्रकार इनोवेशन को प्रोत्साहन देता है। उन्होंने इससे संबंधित विभिन्न योजनाओं और फेलोशिप्स की जानकारी युवाओं के साथ साझा की।

निर्माण कार्यों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि प्रदेश में कराये गये समस्त निर्माण कार्यों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने यह निर्देश मंत्रालय में लोक निर्माण के मुख्य अभियंताओं की बैठक में दिए। भार्गव ने कहा कि पांच फरवरी 2023 से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रारंभ की जा रही विकास यात्राओं में राज्य शासन की उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

श्री भार्गव ने कहा कि गत 18 वर्षों में मध्यप्रदेश ने सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति हासिल की है। इसी क्रम में प्रदेश की अधोसंरचना में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। सड़कों के विकास ने नया इतिहास बताया है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, मितव्ययता और समयबद्धता को सुनिश्चित किया गया है। यह सभी बातें आमजन मानस को भी मालूम होना चाहिये। इसके लिए, मैदानी अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करावें।

श्री भार्गव ने कहा कि जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो गये हैं। उनके भूमि-पूजन शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रमों की भी कार्ययोजना स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर किया जाये। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

महिला स्व-सहायता समूहों को अतिरिक्त दो प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति का निर्णय

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला स्व-सहायता समूहों को 3 लाख रुपये तक के बैंक ऋण पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति की जाएगी। प्रदेश में संचालित "मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन" एवं "शहरी आजीविका मिशन" अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों को अतिरिक्त आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं शहरी आजीविका मिशन में सभी जिलों में उन्हीं महिला स्व-सहायता समूहों को यह प्रतिपूर्ति की जाएगी। जिन्हें राज्य शासन एवं केंद्र शासन से 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया गया है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-

- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों के लिये 594 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। मंत्रिपरिषद ने नर्मदापुरम-मोहासा-बाबई मार्ग एस.एच.-22 पर तवा नदी पर फोरलेन उच्च-स्तरीय पुल के लिए आंकलित निर्माण लागत 148 करोड़ 97 लाख रुपये, सिवनी जिले के बंडोल-बांकी- जमुनिया-सागर-चंदौरीकला-मारबोड़ी- रनवेली-जाम-कन्हरगांव-हथनापुर-मंडवा-कोहका मार्ग के लिए आंकलित निर्माण लागत 108 करोड़ 97 लाख रुपये, सीहोर जिले के बकतरा भारकच्छ मार्ग से देहरी-बम्होरी - सेमलवाड़ा - नानभेंट - खैरी-सिलगना - जोनतला - जैत-सरदारनगर-हथनौरा-सुडानिया-बनेटा से शाहगंज मार्ग के लिए आंकलित निर्माण लागत 121 करोड़ 83 लाख रुपये, सीहोर जिले के बकतरा-सियागहन-सागपुर-रिछोड़ा- खोहा - क्वाड़ा - सतरामऊ-बोदरा- ग्वाडिया - नीमटोन - डुंगरिया मार्ग के लिए आंकलित निर्माण लागत 108 करोड़ 17 लाख रुपये की प्रशासकीय और मुरैना जिले के ए.बी.सी. कैनाल मार्ग के लिए आंकलित निर्माण लागत 106 करोड़ 07 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति योजना अंतर्गत दी गई।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में शहरी क्षेत्र की अधोसंरचना और अन्य विकास कार्यों के लिए "मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना" के अंतर्गत दो वर्षों के लिए (वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24) 800 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिए जाने एवं आवश्यक बजट प्रावधान किए जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय सागर में 85 पी.जी. सीट वृद्धि के लिये 101 करोड़ 46 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। चिकित्सा महाविद्यालय, सागर के विभिन्न विभागों में पी.जी. सीट की वृद्धि से प्रदेश को प्रतिवर्ष अतिरिक्त संख्या में विषय-विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो सकेंगे।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों, कन्या शिक्षा परिसर तथा आदर्श आवासीय विद्यालयों के निजी सहभागिता से संचालन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों का अनुमोदन किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने गुना स्थित राजस्व विभाग की सर्वे क्र. 50. वार्ड क्र. 03 वीरांगना दुर्गावती वार्ड, पुराना बंगला में परिसम्पत्ति कुल रकबा 1200 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिये आमंत्रित द्वितीय निविदा के H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 3 करोड़ 59 लाख 27 हजार रुपये जो कि रिजर्व मूल्य 74 लाख रुपये का 4.86 गुना है, की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने भोपाल स्थित राजस्व विभाग की खसरा क्रमांक 267 ग्राम लांबाखेड़ा में परिसम्पत्ति कुल रकबा 12210 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिये आमंत्रित निविदा के H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 6 करोड़ 94 लाख 11 हजार 111 रुपये जो कि रिजर्व मूल्य 3 करोड़ 94 लाख रुपये का 1.76 गुना है, की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा की जाए, का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा "संविदा शाला शिक्षक" को "प्राथमिक शिक्षक/प्रयोगशाला शिक्षक" से प्रतिस्थापित करने का निर्णय लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

देश में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को विश्वस्तरीय बनाने के लिये नये शोध जरूरी

भोपाल, देश में मौजूद होम्यो चिकित्सा पद्धति को विश्वस्तरीय बनाने के लिये लगातार नये-नये शोध किये जाने की जरूरत है। पिछले 8 वर्ष में भारतीय चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में विकास के लिये अधोसंरचना के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय काम हुए हैं। ये बातें केंद्रीय आयुष सचिव श्री वैद्य राजेश कोटेचा ने भोपाल में देशभर के होम्योपैथी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं चिकित्सकों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

श्री कोटेचा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय चिकित्सा पद्धति की अर्थव्यवस्था 21 हजार करोड़ से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की हो गई है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी शिक्षा पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप और सुधार किये जाने की आवश्यकता है। सुधार के बाद ही देश में होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्वस्तरीय चिकित्सकों की सेवा मिल सकेगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना ने कहा कि देश में चिकित्सा के क्षेत्र में होम्योपैथी के विस्तार की बहुत संभावना है। इसके लिये नीति के अनुरूप टीम भावना के साथ कार्य किये जाने की आवश्यकता है।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य श्री अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि देश में जनसामान्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को व्यापक रूप से अपनाने की इच्छा रखते हैं। इसके लिये इसकी पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने होम्योपैथी रिसर्च स्कॉलर को सभी तरह की मदद दिये जाने की आवश्यकता बताई। प्रमुख सचिव आयुष श्री प्रतीक हजेला ने बताया कि कोरोना संकट काल में जनसामान्य का भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने आयुष क्योर एप में हासिल उल्लेखनीय उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग से निरोग कार्यक्रम को मुख्यमंत्री का उत्कृष्टता पुरस्कार भी मिला है। संयुक्त सचिव श्री राहुल शर्मा ने अपने उद्बोधन में शोध के कार्यों में होम्योपैथी कॉलेज के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोड़े जाने की आवश्यकता बताई।

विद्युत गृह सारनी की इकाई 10 और 11 ने सौ दिन लगातार विद्युत उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

भोपाल, मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के विद्युत गृह क्रमांक चार की 250-250 मेगावॉट स्थापित क्षमता की इकाई क्रमांक 10 एवं 11 ने गत दिवस लगातार 100 दिन तक विद्युत उत्पादन करने में सफलता हासिल की है। ये दोनों इकाइयां विगत वर्ष से सतत विद्युत उत्पादन कर कीर्तिमान बना रही हैं। इससे पूर्व इकाई क्रमांक 10 ने लगातार 213 दिन, इकाई क्रमांक 11 ने लगातार 202 दिन और 113 दिन तक विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड कायम किया था।

पीएएफ और पीएलएफ में कमाल किया दोनों इकाइयों ने

सारनी की इकाई क्रमांक 10 द्वारा 100.8 प्रतिशत पीएएफ (प्लांट अबेविलिटी फेक्टर) और 98.5 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फेक्टर) हासिल किया गया। वहीं इकाई क्रमांक 11 को 101 प्रतिशत पीएएफ और 98.7 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित करने में सफलता मिली।

सुघोष दर्शन कार्यक्रम

रामचरित मानस, गीता और महाभारत के प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'सुघोष दर्शन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, रामचरितमानस जैसे ग्रंथ हमारे पाथेय और मार्गदर्शक हैं। रामचरित मानस सहित गीता और महाभारत के प्रसंगों को शालेय पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह प्रसंग नैतिक शिक्षा और आध्यात्म की शिक्षा में सहायक होंगे। ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ प्रकटीकरण अपनी मातृभाषा में होता है। अंग्रेजी के आधिपत्य को समाप्त कर मातृभाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। इसी दिशा में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में कराने की पहल की गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर विद्या भारती मध्यभारत प्रांत, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश के सुघोष दर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि हजारों क्रांतिकारियों के कड़े संघर्ष और बलिदान के परिणामस्वरूप हमें स्तवंत्रता प्राप्त हुई।

श्री चौहान ने कहा कि भारत अत्यंत प्राचीन और महान राष्ट्र है। यहां की परम्पराओं को अक्षुण्ण रखने के लिए विद्या भारती द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भारत प्राचीन काल से ही विश्वगुरू रहा है। शिक्षा के तीन उद्देश्य हैं ज्ञान अर्जित करना, कौशल विकास और नागरिकता के संस्कार। संस्कार विकसित करने की दिशा में विद्या भारती द्वारा संचालित गतिविधियों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रकटीकरण के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंद चंद्र महंत ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी सतत रूप से देशभक्ति की भावना के संचार के सूत्र रहे हैं। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, उत्साह, प्रतिभा और शौर्य का संगम दिखाई देता है। देश में आजादी के अमृत महोत्सव को अवसर मान कर श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए गतिविधियां जारी हैं। विद्या भारती द्वारा भी विद्यालयों में संस्कारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनेक प्रयोग किए जा रहे हैं।

सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्री टी.पी.एस. रावत ने कहा कि नेताजी के योगदान के बिना भारत की स्वतंत्रता संभव नहीं थी। चीन के साथ भारत के 1962 में हुए युद्ध के प्रसंग का उल्लेख करते हुए मेजर जनरल रावत ने कहा कि सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए साहस और दृढ़ता आवश्यक है।

नाबार्ड के सहयोग का राज्य की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव होगा - वित्त मंत्री

वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा नाबार्ड में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये।

भोपाल, राष्ट्रीय ग्रामीण एवं कृषि विकास बैंक-नाबार्ड द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के विकास को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 के लिये प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 2 लाख 58 हजार 598 करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.43 प्रतिशत ज्यादा है। यह जानकारी भोपाल में नाबार्ड के मध्यप्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा "राज्य ऋण संगोष्ठी 2023-24" में दी गई। इसमें कृषि के लिये 1 लाख 80 हजार 160 करोड़ रुपये, एमएसएमई के लिये 65 हजार 832 करोड़ रुपये और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिये 12 हजार 606 करोड़ रुपये ऋण शामिल हैं।

वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने संगोष्ठी में कहा कि इससे किसानों, उद्यमों से जुड़े कामगारों और राज्य की पूर्ण अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नाबार्ड के इस महत्वपूर्ण सहयोग से देश की 5 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में एवं मध्यप्रदेश के 550 बिलियन डॉलर के योगदान के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

श्री देवड़ा ने कहा कि कोविड महामारी के समय में कृषि ही एक ऐसा क्षेत्र रहा है जिसने इस दौरान भी विकास की दर बनाए रखी। राज्य सरकार ने भी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कीं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड का सहयोग राज्य की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

वित्त मंत्री ने सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (पी.एम.एफ़.एम.ई.) को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड द्वारा उठाये गये कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने और उनके व्यवसायीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है। संगोष्ठी में वित्त मंत्री ने राज्य फोकस पेपर 2023-24 तथा 550 बिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लिये "मध्यप्रदेश में कृषि ऋण प्रमुख मुददे" पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में राज्य में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले बैंकों को सम्मानित किया गया। मंत्री श्री देवड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत नाबार्ड के मध्यप्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा लगाई गई मोटे अनाज की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ऋण आकलन में कृषि, एमएसएमई एवं सभी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की हिस्सेदारी क्रमशः 70 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 5 प्रतिशत आंकी गई है। नाबार्ड के सहयोग से जल-संसाधन, कृषि मशीनीकरण, बंजर भूमि विकास, पशुपालन, मछली पालन, भंडार-गृह निर्माण, खाद्य प्रसंस्करण और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला
साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

जननी रामचंद्रन

ऑकलैंड सिटी काउंसिल की सदस्य बनीं

भारतवंशी जननी रामचंद्रन ने अमेरिका की ऑकलैंड सिटी काउंसिल के सदस्य के रूप में शपथ ली है। उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी और कई कानूनी और गैर-लाभकारी संस्थाओं में काम किया है। 2021 के स्टेट असेंबली इलेक्शन में भी वह उम्मीदवार थीं।

वाराणसी

गंगा में नौकाओं की रेस

उत्तरप्रदेश की आध्यात्मिक नगरी काशी अब इवेंट सिटी के रूप में उभर रही है। हाल ही में गंगा नदी में नौका दौड़ का अद्भुत नजारा दिखा। नदी में नौका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई, चार दिन का हाट एयर बैलून फेस्टिवल भी आयोजित किया गया। इससे वाराणसी के आसमान में बलून और गंगा में नौकाओं की रेस का अनूठा संगम देखने को मिला। इसी कड़ी में 22 जनवरी को सीएनजी बोट रैली भी आयोजित की गई है। पर्यटकों को लुभाने के लिए शुरू किए गए प्रोजेक्ट को सराहना मिल रही है।

जैसिंडा अर्डर्न

प्रधानमंत्री पद छोड़ेंगी

न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने अगले महीने 7 फरवरी को अपना पद त्यागने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वे अब जिम्मेदारी निभाने में किसी नयी हस्ती को मौका देना चाहती हैं। अर्डन 2017 में एक गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री बनी थीं। उन्होंने आगे चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। दो साल पहले हुए चुनाव में जैसिंडा की लिवरल लेवर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। जैसिंडा की कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए पूरी दुनिया में सराहना की गई थी।

जो बाइडेन

स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण देंगे



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सात फरवरी को कांग्रेस के संयुक्त सत्र में स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण देंगे। राष्ट्रपति ने संबोधित करने के लिए हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया था। बाइडेन का यह दूसरा स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण होगा।

जापान में

दुनिया का पहला नूडल टेस्टर बना

जापान के नागानो की कंपनी ने दुनिया का पहला नूडल टेस्टर बनाया है। यह एक ऐसी मशीन है, जो सेकंड के भीतर नूडल्स के स्वाद का अनुमान लगाती है। जापान का नागानो राज्य सोबा नूडल्स के लिए प्रसिद्ध है, जो कुट्टू के आटे से बना होता है। यह मशीन केवल 2 ग्राम नूडल से ही उसका टेस्ट बना देती है। इसके एलईडी डिस्प्ले पर चार अलग-अलग श्रेणियों (स्वाद, सुगंध, हरापन, ताजगी) में स्वाद रेटिंग दिखती है।

अमेरिका में

फ्लैट की कीमत में बिक रहा आइलैंड

मध्य अमेरिका में स्थित आइलैंड इगुआना करीब 5 एकड़ में फैला हुआ है। इस आइलैंड को बेचा जा रहा है। इसकी कीमत बड़े शहरों में एक फ्लैट जितनी है।

यह 3.76 करोड़ रुपए में बिक रहा है। इस पर नारियल और केले के पेड़ों के अलावा एक तीन कमरों का आलीशान घर बना हुआ है। यहां वाईफाई, फोन नेटवर्क और टीवी सिग्नल भी मिलता है। इसकी देखभाल करने के लिए स्टाफ भी है।

पूर्व डीजी पंकज सिंह

डिप्टी एनएसए बनाए गए



बीएसएफ के पूर्व डीजी पंकज सिंह डिप्टी एनएसए बनाए गए हैं। 1988 बैच के राजस्थान कैडर के आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति दो साल के लिए हुई है। जरूरत पड़ने पर उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। लखनऊ में जन्में पंकज सिंह एमबीए और एलएलबी सहित बीएससी की डिग्री प्राप्त हैं। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद पर आईपीएस पंकज सिंह की नियुक्ति 14 जनवरी, 23 से मान्य हो गई है।

मिशेल सेटेलिया ने

मिरर राइटिंग में 81 किताबें टाइप कीं



इटली में रहने वाले 63 साल के मिशेल सेटेलिया ने 'मिरर राइटिंग' में 81 किताबें टाइप की हैं। इस काम के लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। उन्होंने ये किताबें कई महीने की मेहनत से लिखी हैं। दरअसल मिरर राइटिंग एक ऐसी शैली होती है, जिसमें हर शब्द उल्टा लिखा जाता है। उसे शीशे के जरिए सीधा पढ़ा जा सकता है।

नेमत मिनोचे शफीक

कोलंबिया यूनिवर्सिटी की पहली महिला प्रेसिडेंट होंगी

नेमत मिनोचे शफीक कोलंबिया विश्वविद्यालय की 20वीं अध्यक्ष होंगी। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की पूर्व अध्यक्ष एवं अर्थशास्त्री नेमत मिनोचे शफीक जुलाई से इस पदभार को संभालेंगी। विश्वविद्यालय के 268 वर्ष के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली नेमत पहली महिला अध्यक्ष भी बन गई हैं। वह ली.सी. बोलिंजर की जगह लेंगी।

मारिया रेसा

नोबल विजेता पत्रकार धोखाधड़ी मामले से बरी

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता पत्रकार मारिया रेसा और उनकी ऑनलाइन समाचार कंपनी रैपलर को फिलीपींस की कोर्ट ने कर चोरी के आरोपों से बरी कर दिया। इस फैसले को फिलीपींस में प्रेस की आजादी की जीत के रूप में देखा जा रहा है। रेसा के अनुसार उन्हें पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुर्तेते के खिलाफ रिपोर्टिंग को लेकर फंसाया गया था। उनके खिलाफ टेक्स चोरी के चार केस दर्ज थे।

इंग्लैंड

दुनिया का सबसे लंबा रोलर कॉस्टर टूटेगा

वर्ष 1991 से लेकर 2001 तक दुनिया का सबसे लंबा रोलर कॉस्टर रहा अल्टीमेट नामक रोलर कॉस्टर अब जल्द ही तोड़ा जाएगा। न्यू यॉर्कशायर के लाइट वाटर वैली नामक थीम पार्क में स्थापित 7.442 फीट लंबा यह

रोलर कॉस्टर 2019 के बाद से ही बंद है। 32 साल पहले इसे बनाने में लगभग 52 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। पार्क के अधिकारियों का कहना है कि थीम पार्क अब परिवारों के मनोरंजन के लिहाज से रीडिजाइन किया जाएगा।

क्रिस्टीन लाम्ब्रेत

जर्मनी की रक्षा मंत्री ने दिया इस्तीफा

जर्मनी की रक्षामंत्री क्रिस्टीन लाम्ब्रेत ने देश की सेना की आधुनिकीकरण योजना और यूक्रेन को हथियार भेजने के मामले में लगातार हो रही आलोचनाओं के बीच इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा चांसलर ओलाज शॉल्ज को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि महीनों से उन पर बना हुआ मीडिया का फोकस सेना और जर्मनी की सुरक्षा नीति पर तथ्यात्मक चर्चा को बाधिक कर रहा है।

नीरव डी. शाह

अमेरिकी हेल्थ सर्विस में दूसरे सर्वोच्च अधिकारी बने

अमेरिका की राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी में भारतवंशी नीरव डी. शाह अब दूसरे नंबर के शीर्ष अधिकारी होंगे। उनको अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र में प्रधान उपनिदेशक नियुक्त किया गया है। शाह वर्तमान में मेनसेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड डिवेंशन के निदेशक हैं। वह मार्च में पद संभालेंगे।

जैक डेनिस

हैनकॉक मैक्सिको रेस का खिताब जीता

ब्रिटेन के 27 वर्षीय रेसर जैक डेनिस ने हैनकॉक मैक्सिको सिटी रेस अपने नाम कर ली है। यह रेस एबीबी एफआई फॉर्मूला वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन-9 का हिस्सा है। एवेलांच आंग्रेती टीम के ड्राइवर डेनिस ने दूसरी ग्रिड से शुरुआत करते हुए पूरी रेस में दबदबा कायम रखा।

ऑस्ट्रेलिया में

सबसे वजनी मेंढक मिला

ऑस्ट्रेलिया के कॉनवे नेशनल पार्क में दुनिया का सबसे वजनी मेंढक मिला है। इसका वजन 2.7 किलोग्राम है। इससे पहले 1991 में मिले एक मेंढक का वजन रिकॉर्ड 2.65 किलो था, जो अब टूट गया है। मेंढक की इस प्रजाति को केन टॉड के नाम से जाना जाता है। इस मेंढक को क्वींसलैंड में 12 जनवरी को ढूंढा गया था। यह प्रजाति ऑस्ट्रेलिया में पहली बार 1935 में लाई गई थी।

भारत - जापान

वायुसेना का सैन्य अभ्यास संपन्न

भारत और जापान की वायु सेनाओं के बीच करीब दो सप्ताह तक चला सैन्य अभ्यास 'वीर गार्डियन 2023' जापान में संपन्न हो गया, जिसमें दोनों वायु सेनाओं के जांबाजों ने हवाई रण कौशल के साथ-साथ सर्वोत्तम रणनीति और अनुभव भी साझा किए। वायु सेना के अनुसार दोनों देशों के बीच अपनी तरह का यह पहला सैन्य अभ्यास था। जापान की ओर से लड़ाकू विमानों एफ-2 और एफ-15 ने अभ्यास में हिस्सा लिया जबकि भारत की ओर से सुखोई-30 लड़ाकू विमान, हवा में ईंधन भरने की क्षमता वाले आईएल-78 विमान ने जौहर दिखाए। दोनों वायु सेनाओं ने इस दौरान विभिन्न तरह के अभियानों के लिए जटिल और व्यापक हवाई करतबबाजी दिखाते हुए अभ्यास किया।

स्मृति शेष

असम के कवि नीलमणि फूकन का निधन

प्रख्यात असमिया कवि एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त 89 वर्षीय कवि नीलमणि फूकन का निधन हो गया है। 10 सितंबर, 1933 के असम के डेरगांव में जन्में फूकन को 1997 में असम घाटी साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2020 में देश के सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार 56वां ज्ञानपीठ पुरस्कार से उन्हें नवाजा गया था।

गाम्बिया के उपराष्ट्रपति बदरा जोफ का निधन

अफ्रीकी देश गाम्बिया के उपराष्ट्रपति बदरा अली जोफ का 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जोफ को 2022 में पश्चिम अफ्रीकी देश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उपराष्ट्रपति बनने से पहले वह शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य कर चुके थे। 2017 से 2022 तक वे इस पद पर रहे।

इटली की अदाकारा जीना लोलोब्रिजिडा का निधन

इटली की मशहूर अभिनेत्री जीना लोलोब्रिजिडा का 95 वर्ष में निधन हो गया। उनके अद्भुत सौंदर्य के कारण उन्हें 20वीं सदी की मोनालिसा कहा जाता था। उन्होंने भारतीय सिनेमा 'शालीमार' में भी अभिनय किया था। उन्हें फोटोग्राफी और मूर्तिकला का भी शौक था। उन्होंने इटली के आम चुनाव में भी हिस्सा लिया था।

गीतकार नासिर का हृदयाघात से निधन

विख्यात गीतकार नासिर फराज का हृदयघात से निधन हो गया। नासिर ने 'काइट्स', 'बाजीराव मस्तानी', कृष, काबिल सहित कई सुपरहिट फिल्मों में गाने के बोल दिए थे। नासिर ने तुम मुझे बस यूं ही, काबिल हूं, चोरी-चोरी चुपके जैसे दिल छूने वाले गाने लिखे।

टेलीविजन धारावाहिक तारक मेहता के अभिनेता सुनील होलकर का निधन

टेलीविजन धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नजर आ चुके हिंदी और मराठी अभिनेता सुनील होलकर का 40 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मैडम सर, मोरया, मिस्टर योगी जैसे धारावाहिकों में अभिनय कर प्रशंसा प्राप्त की थी।

दुनिया की उम्रदराज 118 वर्षीय ल्यूसिल का निधन

दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला फ्रांसीसी नन ल्यूसिल रैंडन का 118 साल की उम्र में निधन हो गया। फ्रांस के टूलॉन शहर में रहने वाली रैंडन के प्रवक्ता ने उनके निधन की पुष्टि की है। ज्ञात रहे कि पहले यह रिकॉर्ड तनाका के नाम था, जिनकी उम्र 119 साल थी और बीते साल उनका भी निधन हो गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

(पृष्ठ 18 का शेष)

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1545.	193114	1646.	198074	1747.	205155	1848.	218898	1949.	230034	2050.	238835	2151.	250825	2252.	257432
1546.	193171	1647.	198167	1748.	205485	1849.	218930	1950.	230245	2051.	238898	2152.	250906	2253.	257706
1547.	193208	1648.	198341	1749.	205584	1850.	219057	1951.	230264	2052.	238956	2153.	250907	2254.	257845
1548.	193226	1649.	198386	1750.	205661	1851.	219124	1952.	230268	2053.	239064	2154.	250925	2255.	258134
1549.	193265	1650.	198405	1751.	206108	1852.	219190	1953.	230428	2054.	239123	2155.	250930	2256.	258214
1550.	193532	1651.	198456	1752.	206173	1853.	219248	1954.	230448	2055.	239143	2156.	250971	2257.	258236
1551.	193534	1652.	198612	1753.	206231	1854.	219266	1955.	230479	2056.	239308	2157.	251108	2258.	258279
1552.	193554	1653.	198650	1754.	206351	1855.	219296	1956.	230489	2057.	239339	2158.	251110	2259.	258286
1553.	193560	1654.	198724	1755.	206401	1856.	219376	1957.	230502	2058.	239640	2159.	251189	2260.	258301
1554.	193597	1655.	198863	1756.	206447	1857.	219407	1958.	230535	2059.	239732	2160.	251218	2261.	258304
1555.	193607	1656.	199076	1757.	206607	1858.	219481	1959.	230558	2060.	239804	2161.	251390	2262.	258565
1556.	193610	1657.	199136	1758.	206634	1859.	219539	1960.	230636	2061.	239865	2162.	251416	2263.	258615
1557.	193614	1658.	199185	1759.	206653	1860.	219554	1961.	230638	2062.	239872	2163.	251429	2264.	258654
1558.	193657	1659.	199314	1760.	206717	1861.	219593	1962.	230657	2063.	239925	2164.	251493	2265.	259283
1559.	193660	1660.	199339	1761.	206731	1862.	219701	1963.	230714	2064.	240243	2165.	251537	2266.	259330
1560.	193719	1661.	199343	1762.	206889	1863.	220004	1964.	230722	2065.	240299	2166.	251571	2267.	259440
1561.	193828	1662.	199348	1763.	206963	1864.	220311	1965.	230742	2066.	240393	2167.	251638	2268.	259584
1562.	193925	1663.	199529	1764.	207082	1865.	220324	1966.	230823	2067.	240419	2168.	251855	2269.	259703
1563.	193946	1664.	199542	1765.	207270	1866.	220488	1967.	230876	2068.	240435	2169.	251915	2270.	259723
1564.	193954	1665.	199616	1766.	208046	1867.	220700	1968.	231040	2069.	240787	2170.	251918	2271.	259772
1565.	193968	1666.	199637	1767.	208050	1868.	220711	1969.	231045	2070.	240801	2171.	252078	2272.	260115
1566.	193970	1667.	199687	1768.	208145	1869.	220777	1970.	231050	2071.	240821	2172.	252085	2273.	260285
1567.	193989	1668.	199820	1769.	208373	1870.	220829	1971.	231270	2072.	240902	2173.	252091	2274.	260731
1568.	194130	1669.	199887	1770.	208499	1871.	220850	1972.	231303	2073.	240940	2174.	252095	2275.	261295
1569.	194160	1670.	199899	1771.	208571	1872.	220950	1973.	231536	2074.	240950	2175.	252159	2276.	261308
1570.	194178	1671.	200013	1772.	209338	1873.	221032	1974.	231542	2075.	240989	2176.	252171	2277.	261347
1571.	194210	1672.	200102	1773.	209361	1874.	221162	1975.	231556	2076.	241008	2177.	252216	2278.	261402
23. **एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप-2023 में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं।**
(अ) हरमनप्रीत सिंह
(ब) मनप्रीत सिंह
(स) नीलकांत शर्मा
(द) कृष्ण बहादुर पाठक

24. **ऑस्ट्रेलिया ने किस वर्ष एएफसी एशियन कप जीता था।**
(अ) वर्ष 2004 (ब) वर्ष 2007
(स) वर्ष 2011 (द) वर्ष 2015

25. **अपर कट टर्म का इस्तेमाल इनमें से किस खेल में होता है।**
(अ) हॉकी (ब) टेनिस
(स) मुक्केबाजी
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (ब), 5. (अ), 6. (द), 7. (अ), 8. (द), 9. (स), 10. (ब), 11. (स), 12. (द), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (ब), 17. (स), 18. (द), 19. (अ), 20. (द), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय से है सागर जिले की पहचान

सागर, मध्यप्रदेश के सागर संभाग का एक जिला है। यह देश का हृदय जिला भी कहलाता है।

इस जिले की सीमा उत्तर प्रदेश, दमोह, नरसिंहपुर, रायसेन, विदिशा तथा अशोकनगर से लगती है। जिले के दक्षिणी भाग से होकर कर्क रेखा गुजरती है। माना जाता है कि सागर शहर का नाम यहां स्थित विशाल लाखा बंजारा झील के कारण पड़ा था।

इस जिले का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है, उस समय की चेदी राज्य की राजधानी शुक्तिमती, वर्तमान के सागर जिले में ही स्थित थी। जिस समय भारत पर अंग्रेजों का शासन था, उस समय इस स्थान को एक पूर्ण जिले की मान्यता प्रदान की गई थी। 1932 में इस जिले में दमोह का भी विलय कर दिया गया था।

1956 में जब मध्यप्रदेश का गठन किया गया, तो दमोह जिले को इस जिले से विभाजित कर दिया गया तथा उस समय इस जिले का वर्तमान स्वरूप सामने आया था।

सागर जिले की पहचान यहां स्थित डॉ. हरीसिंह गौर (सागर विश्वविद्यालय) से है। इसकी स्थापना 18 जुलाई, 1946 को क्षेत्र के प्रसिद्ध विधिवेत्ता, न्यायविद्, शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ. हरीसिंह गौर ने अपने जीवन की अर्जित सारी कमाई दान कर की थी। यह दुनिया में इस प्रकार के दान का अनूठा मामला है।

इतिहास

पुस्तकों में दर्ज विवरणों के अनुसार प्रागैतिहासिक काल में यह क्षेत्र गुहा मानव की क्रीड़ा स्थली रहा। पौराणिक साक्ष्यों से ऐसे संकेत मिलते हैं कि इस जिले का भूभाग रामायण और महाभारत काल में विदिशा और दशार्ण जनपदों में शामिल था। इसके बाद ईसा पूर्व छठवीं शताब्दी में यह उत्तर भारत के विस्तृत महाजनपदों में से एक चेदी साम्राज्य का हिस्सा बन गया।

सागर के संबंध में विस्तृत जानकारी टालमी के लिखे विवरणों से प्राप्त होती है। गुप्त वंश के शासनकाल में इस क्षेत्र को सर्वाधिक महत्व मिला। समुद्रगुप्त के समय में एरण को स्वभोग नगर के रूप में उद्धृत किया गया है और यह राजकीय तथा सैन्य गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र था। नवमीं शताब्दी में यहां चंदेल और कलचुरी राजवंशों का आधिपत्य हुआ और 13-14वीं शताब्दी में मुगलों का शासन शुरू होने से पूर्व यहां कुछ समय तक परमारों का शासन भी रहने के संकेत मिलते हैं। सागर का प्रथम शासक श्रीधर वर्मन को माना जाता है। पंद्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में सागर पर गौंड़ शासकों ने कब्जा जमाया। फिर महाराजा छत्रसाल ने धामोनी, गढ़ाकोटा और खिमलासा में मुगलों को हराकर अपनी सत्ता स्थापित की लेकिन बाद में इसे मराठाओं को सौंप दिया।

सागर का इतिहास सन् 1660 से आरंभ होता है, जब निहालशाह के वंशज ऊदनशाह ने तालाब के किनारे स्थित वर्तमान किले के स्थान पर एक छोटे किले का निर्माण करवा कर उस के पास परकोटा नाम का गांव बसाया था। वही छोटा सा गांव आज सागर के नाम से जाना जाता है। परकोटा अब शहर के बीचों-बीच स्थित एक मोहल्ला है। वर्तमान किला और उसके अंदर एक बस्ती का निर्माण पेशवा के एक अधिकारी गोविंदराव पंडित ने कराया था। सन् 1735 के बाद जब सागर पेशवा के आधिपत्य में आ गया, तब गोविंदराव पंडित सागर और आसपास के क्षेत्र के प्रभारी थे।

सन् 1818 में अंग्रेजों ने अपना कब्जा जमाया और यहां ब्रिटिश साम्राज्य का आधिपत्य हो गया। सन् 1861 में इसे प्रशासनिक व्यवस्था के लिए नागपुर में मिला दिया गया और यह व्यवस्था सन् 1956 में नए मध्यप्रदेश राज्य का गठन होने तक बनी रही।

अर्थव्यवस्था

कृषि उत्पादन में सागर जिले के कुछ क्षेत्रों की अच्छी पहचान है। उन्नत किस्म के गेहूं का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। जिले में सोयाबीन, अरहर, उड़द और मक्का की खेती भी होती है। सोनार, बीना और धसान जिले की प्रमुख नदियां हैं।

सागर जिले में कई लघु उद्योग हैं। जिले की बीना तहसील के आगासौद गांव में ओमान सरकार के सहयोग से विशाल तेल रिफायनरी स्थापित की गई है। रॉक फॉस्फेट, डोलामाइट, चूना पत्थर, ग्रेनाइट, तांबा आदि जिले में पाए जाने वाले प्रमुख खनिज हैं।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवंबर, 1956
2. संभाग - सागर
3. जिला मुख्यालय - सागर
4. क्षेत्रफल - 10252 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 2,378,458 (पुरुष - 1,256,257, महिलाएं - 1,122,201)
6. लिंग अनुपात - लगभग 893
7. जन घनत्व - 230 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 76.46
9. तहसीलें - 12 (बीना, खुरई, मालथौन, बण्डा, शाहगढ़, राहतगढ़, जैसीनगर, सागर, गढ़ाकोटा, रहली, देवरी, केसली)
10. विकासखंड - 12
11. ग्राम - 1902
12. नगर पालिका - 7
13. नगर निगम - 1
14. विधानसभा क्षेत्र - 8 (बीना, खुरई, सुरखी, देवरी, रहली, सागर, बंडा, नरयावली)
15. लोकसभा क्षेत्र - 01 (सागर)
16. भाषा एवं बोली - हिन्दी, बुंदेली

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- सागर शहर से करीब 35 किमी पूर्व में सागर-दमोह मार्ग पर 12 से अधिक शैल गुफाएं हैं। ये गुफाएं गधेरी नदी की घाटी में आबचंद के रक्षित वन की घनी झाड़ियों वाले क्षेत्र में सुरक्षित हैं। इन गुफाओं में पाए गए शैल चित्रों में भी उसी प्रकार की रंगीन चित्रकारी की गई है, जैसी सिंघनपुर और आदमगढ़ में प्राप्त हुई है। सबसे बड़ी गुफा करीब 40 फुट लंबी है। यहां साल में एक बार मकर संक्रांति पर मेला लगता है, जिसे गुफा मेला कहते हैं। आबचंद के शैलचित्रों में पुरामानव की लोकचित्रकला के दर्शन होते हैं। ये गुफाएं गधेरी नदी के पानी से पहाड़ कटने के कारण बनी हैं।
- सागर तहसील में स्थित गढ़पहरा की प्राचीनता गौंड शासक संग्राम सिंह के समय से मानी जाती है। गढ़पहरा को पुराना सागर भी कहते हैं, जो डांगी राज्य की राजधानी था। उस समय गढ़पहरा एक गढ़ था, जिसमें 360 मौजे थे। बाद में डांगी राजपूतों ने इस भाग को जीतकर अपने राज्य में मिला लिया। गढ़पहरा में अब भी कुछ ऐतिहासिक अवशेष देखे जा सकते हैं।
- जिले में स्थित एरण एक ताम्रपाषाणकालीन ऐतिहासिक स्थान है। प्राचीन सिक्कों पर इसका नाम ऐरिकेण लिखा है। एरण में वाराह, विष्णु तथा नरसिंह मन्दिर स्थित हैं। बीना और रेवता नदी के संगम पर स्थित एरण का नाम यहां अत्यधिक मात्रा में उगने वाली प्रदाह प्रशामक तथा मंदक गुणधर्म वाली 'एराका' नामक घास के कारण रखा गया है।
- कुछ लोगों का यह भी मानना है कि एरण के सिक्कों पर नाग का चित्र है, अतः इस स्थान का नामकरण एराका अर्थात नाग से हुआ है।
- रहली तहसील के रानगिर में स्थित प्राचीन मां हरसिद्धी मंदिर प्रमुख धार्मिक स्थल है। साथ ही सागर-झांसी रोड पर स्थित बरोदिया कला में एक बहुत पुराना किला है। यहां अंग्रेज़ों और विद्रोहियों के बीच एक मुठभेड़ हुई थी। गढ़ोली का शिव मंदिर, बनेनी घाट, राहतगढ़ जल प्रपात, धामोनी का रानी महल, रहली का सूर्य मंदिर, लाखा बंजारा झील, मंगलगिरी जैन तीर्थ, नौरादेही वन्य जीव अभयारण्य आदि जिले में स्थित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।
- सागर जिले में फॉरेंसिक लैब, पुलिस अकादमी समेत कई अहम संस्थान हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

भारत में हैं 'काले सोने' के प्रचुर भंडार

देश के विकास में ईंधन की उपयोगिता सर्वाधिक होती है। जब बात बिजली उत्पादन से लेकर फैक्ट्रियों के संचालन की हो तो काला सोना यानि कोयले का महत्व अपने आप बढ़ जाता है। दरअसल, काला सोना कहा जाने वाला कोयला किसी भी विकासशील देश की विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाता है। देश में ईंधन आपूर्ति की बढ़ती मांग को पूरा करने और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कोयला मंत्रालय देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 तक कोयला उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया में है। देश में आगामी समय में काला सोना यानि कोयले का उत्पादन और भी तेज हो जाएगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने इसके लिए लक्ष्य तय कर लिया है। चूंकि देश के विकास में ईंधन की उपयोगिता सर्वाधिक होती है और जब बात बिजली उत्पादन से लेकर फैक्ट्रियों के संचालन की हो तो इसी काले सोने का महत्व अपने आप बढ़ जाता है। कोयला किसी भी विकासशील देश की विकास यात्रा में अहम रोल अदा करता है। इसी के मद्देनजर अर्थव्यवस्था के विकास को रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है। भारत सरकार ने 2023-24 में एक बिलियन टन कोयले के उत्पादन का लक्ष्य तय कर लिया है।

कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाता है 90 फीसदी से अधिक कोयले का उत्पादन

सरकार द्वारा इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी कोयला कंपनियों के साथ बातचीत भी की गई है। इसके लिए कोयला सचिव ने कोयला कंपनियों के साथ गहन समीक्षा की है। कोल इंडिया लिमिटेड यानी CIL के लिए 780 मिलियन टन, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के लिए 75 एमटी और कैप्टिव और वाणिज्यिक खानों के लिए 162 एमटी का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि भारत में तकरीबन 90 फीसदी से अधिक कोयले का उत्पादन कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा ही किया जाता है। बाकी कुछ खदानें अन्य कंपनियों को भी दी गई हैं, इन्हें कैप्टिव माइन्स कहा जाता है। इन कैप्टिव खदानों का उत्पादन कंपनियां अपने संयंत्रों में ही खर्च करती हैं। कोल इंडिया लिमिटेड में कुल 290 खानें परिचालन में हैं, जिनमें से 97 खानें प्रति वर्ष एक मिलियन टन से अधिक का उत्पादन करती हैं। ऐसी सभी 97 कोयला खानों के लिए भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, पर्यावरण मंजूरी, रेल संपर्क और सड़क संपर्क पर चर्चा की गई और इनके लिए समय-सीमाएं तय की गई हैं।

भारत के पास कुल 319 अरब टन का कोयला भंडार

उल्लेखनीय है कि भारत के पास कुल 319 अरब टन का कोयले का भंडार मौजूद है। भारत दुनिया के उन पांच देशों में से एक है जहां कोयले के सबसे बड़े भंडार हैं। देश में बढ़ते ईंधन की मांग को पूरा करने के लिए कोयला मंत्रालय वित्त वर्ष 2024-25 तक कोयले का उत्पादन 1.23 अरब टन करेगा। सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के विजन के साथ आगे बढ़ रही है ताकि निर्बाध ईंधन आपूर्ति की जा सके। बता दें कि कोल इंडिया लिमिटेड ने वर्ष 2021-22 के दौरान 622 एमटी का उत्पादन किया है और वर्ष 2022-23 के लिए 16% से अधिक की वृद्धि दर्ज करते हुए अब तक 513 एमटी का उत्पादन किया जा चुका है। उम्मीद है कि कोल इंडिया लिमिटेड चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित 700 एमटी के लक्ष्य को पार कर जाएगी और तदानुसार वर्ष 2023-24 के लिए 780 एमटी का लक्ष्य हासिल कर लेगी।

पर्यावरण और समाज के प्रति संवेदनशील है कोयला सेक्टर

कोयला क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों में न केवल उत्पादन में तेजी लाने में सक्षम रहा है, बल्कि यह पर्यावरण और समाज के प्रति समान रूप से संवेदनशील रहा है। यह पर्यावरण की देखभाल और होस्ट कम्युनिटी के कल्याण पर जोर देने के साथ कई सतत विकास पहल कर रहा है। इसका उद्देश्य खनन के पर्यावरणीय फुटप्रिंट्स को कम करना है, आस-पास रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ बेहतर पर्यावरण प्रदान करना है। जाहिर है कोयला मंत्रालय की ये पहल सार्थक साबित होगी और देश में हरित कवर बढ़ेगा क्योंकि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसी दिशा में कोयला मंत्रालय ने एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित करते हुए कोल कंपनियों को वर्ष 2022-23 के दौरान 2,400 हेक्टेयर में ग्रीन कवर बढ़ाने का लक्ष्य दिया था।

कोयला मंत्रालय ने कहा था कि सभी कोयला कंपनियां पौधरोपण के माध्यम से ग्रीन कवर को बढ़ाने में सहयोग करेंगी एवं पुनः प्राप्त खनन क्षेत्र और पट्टे से बाहर के क्षेत्र जो पौधरोपण के लिए उपयुक्त हैं और राज्य सरकार की एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराया गया है, वहां भी पौधरोपण किया जाए। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जिन क्षेत्रों में कोयला निकाला जा रहा है, उन क्षेत्रों के अलावा उसके आसपास के क्षेत्रों में भी पेड़ पौधे लगाने होंगे ताकि ग्रीन कवर बढ़ सके। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 2022-23 में वित्त वर्ष 23 के दिसंबर तक अपने हरित आवरण को 1600 हेक्टेयर तक विस्तारित करते हुए अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य 1510 हेक्टेयर को पार कर लिया है। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2022 तक 31 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान 4392 हेक्टेयर के खनन पट्टा क्षेत्र में हुए हरित पहल से 2.2 एलटी/वर्ष की कार्बन सिंक क्षमता पैदा हुई है। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक लगभग 2230 हेक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण किया है और लगभग 360 हेक्टेयर में घास लगाई गई है। इनकी विभिन्न खानों में सीड बॉल प्लांटेशन, ड्रोन के माध्यम से बीज छिड़काव और मियावाकी प्लांटेशन जैसी नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। खनन किए जा चुके क्षेत्र, ओवरबर्डन डंप और अन्य समस्याग्रस्त क्षेत्रों को सक्रिय खनन क्षेत्रों से अलग होते ही पुनः प्राप्त किया जाता है। ये वनीकरण गतिविधियाँ और हरित पट्टी विकास कार्य भी कार्बन सिंक का निर्माण कर रहे हैं। घने वृक्षों का आवरण वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद करता है और खनन कार्यों के दौरान उत्सर्जित धूल-कणों को कम करता है।

कोयले की विभिन्न श्रेणियां

भारत में कोयले के सबसे बड़े भंडार झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, मेघालय, असम, सिक्किम, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश में भी कोयला मिला है। कार्बन की मात्रा के आधार पर कोयला मुख्यतः चार प्रकार का होता है।

1. **पीट कोयला** :- इसमें कार्बन की मात्रा 50% से 60% तक होती है। इसे जलाने पर अधिक राख एवं धुआं निकलता है। यह सबसे निम्न कोटि का कोयला है।
2. **लिग्नाइट कोयला** :- इसमें कार्बन की मात्रा 65% से 70% तक होती है। इसका रंग भूरा होता है, इसमें जलवाष्प की मात्रा अधिक होती है।
3. **बिटुमिनस कोयला** :- इसे मुलायम कोयला भी कहा जाता है। इसका उपयोग घरेलू कार्यों में होता है। इसमें कार्बन की मात्रा 70% से 85% तक होती है।
4. **एन्थ्रासाइट कोयला** :- यह कोयले की सबसे उत्तम कोटि है। इसमें कार्बन की मात्रा 85% से भी अधिक रहती है।

पीएम-गति शक्ति पहल के तहत कोयले की सुव्यवस्थित निकासी

कोयले की सुव्यवस्थित निकासी के लिए पीएम-गति शक्ति पहल के तहत नई रेल लाइन की परिकल्पना की गई है, जो शिवपुर-कठौटिया रेलवे मार्ग पर 49 कि.मी. की होगी। इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है, जो कोडरमा से हावड़ा-दिल्ली ट्रंक रेलवे लाइन तक कोयला निकासी के लिए एक और निकास लाइन की सुविधा प्रदान करेगी। पीएम-गति शक्ति पहल के तहत कोयला मंत्रालय द्वारा परिकल्पना की गई टोरी-शिवपुर-कठौटिया रेल लाइन के निर्माण से रेल द्वारा लगभग 125 एमटी कोयला निकासी क्षमता की सुविधा मिलेगी।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

खेल चर्चा

दुती चंद प्रतिबंधित पदार्थ लेने की दोषी पायी गईं

नई दिल्ली, भारत की शीर्ष फर्राटा धाविका दुती चंद डोप टेस्ट में फेल हो गई हैं। दुती को डोप टेस्ट में प्रतिबंधित अनाबॉलिक स्टेरॉइड के सेवन का दोषी पाया गया है। इसके बाद दुती पर अस्थाई तौर पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने कहा कि दुती का सैंपल पांच दिसम्बर को लिया गया था। इस सैंपल में एंडराइन, ऑस्ट्राइन और लिंगाड्रोल के अंश मिले हैं, जो वाडा के नियमों के तहत प्रतिबंधित है।

इनका इस्तेमाल मांसपेशियां और स्टैमिना बढ़ाने में होता है। नाडा ने कहा कि दुती वाडा के नियमों के तहत बी सैंपल का विकल्प चुन सकती हैं। अगर वह यह साबित करने में विफल रहती हैं कि उन्होंने जानबूझकर वाडा के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है, तो उन पर चार वर्ष का प्रतिबंध भी लग सकता है। दुती का डोप टेस्ट में विफल होना भारत के लिए झटका माना जा रहा है। दुती ने एशियाई खेल-2018 में महिलाओं की 100 और 200 मीटर दौड में रजत पदक जीता है।

हारून रशीद बने पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व बल्लेबाज हारून रशीद को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हारून रशीद के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ियों के चयन की जिम्मेदारी रशीद पर होगी। उन्होंने कहा कि नई चयन समिति का प्रमुख हारून रशीद को बनाया गया है। चयन समिति के अन्य सदस्यों के बारे में फैसला बाद में लिया जायेगा। नजम सेठी ने पीसीबी प्रमुख बनने के बाद मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम सहित चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था, इसके बाद शाहिद अफरीदी अंतरिम चयनकर्ता बनाये गए थे। हारून रशीद ने बतौर क्रिकेटर पाकिस्तान के लिए 23 टेस्ट और 12 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। रशीद इससे पहले वर्ष 2015 से 2016 तक पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं।

लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में क्रिकेट में खेल सकती हैं छह टीमें

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने क्रिकेट को ओलिंपिक खेलों में शामिल करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। आईसीसी ने वर्ष 2028 में लॉस एंजिलिस में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में महिला और पुरुष वर्ग में 6-6 टीमों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के अनुसार एक खास कट ऑफ डेट में जो टीमें ट्वेंटी-20 रैंकिंग में टॉप-6 में रहेंगी, उन्हें ओलिंपिक खेल-2028 में सीधे प्रवेश मिलेगा। हालांकि कट ऑफ डेट क्या होगी यह तय नहीं हुआ है। आईसीसी क्रिकेट को ओलिंपिक खेल में शामिल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस संबंध में आईसीसी की अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी और लॉस एंजिलिस ओलिंपिक कमेटी से सतत बातचीत हो रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1900 में आयोजित हुए ओलिंपिक खेलों में क्रिकेट शामिल हुआ था, लेकिन इसके बाद ओलिंपिक खेलों से क्रिकेट को हटा दिया गया था।

न्यूज़ीलैंड को हराकर भारत बना आईसीसी वन-डे रैंकिंग में नंबर वन

इंदौर, भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को वन-डे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। भारत ने तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराया। इस जीत के साथ टीम इंडिया आईसीसी वन-डे रैंकिंग में नंबर वन टीम बन गई है। इस सीरीज से पहले न्यूजीलैंड वन-डे रैंकिंग में पहले और भारत चौथे स्थान पर था, लेकिन भारत ने सीरीज क्लीन स्वीप कर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को आतिशी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 26.1 ओवरों में 212 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस दौरान दोनों सलामी बल्लेबाजों ने शतक पूरे किए। रोहित ने 85 गेंदों में 9 चौके और 6 छक्के की मदद से 101 रन बनाए, वहीं शुभमन गिल ने 78 गेंदों में 112 रन की पारी खेली। शुभमन ने 13 चौके और 5 छक्के लगाए। इनके बाद विराट कोहली (36) और ईशान किशन (17) ने पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन ये दोनों बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सके, वहीं सूर्यकुमार यादव भी 14 रन ही बना सके। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या (54) और शार्दुल ठाकुर (25) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन जोड़े और भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 385 रन बनाये।

- भारतीय टीम ने अपने घर में तीसरी बार न्यूजीलैंड को वन-डे सीरीज में क्लीन स्वीप किया है।
- भारत अब आईसीसी वन-डे रैंकिंग में 114 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर आ गया है।
- भारतीय टीम ट्वेंटी-20 रैंकिंग में पहले और टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज है।
- रोहित शर्मा के वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 30 शतक हो गए हैं।
- रोहित वन-डे में सबसे ज्यादा शतक के मामले में रिकी पोंटिंग (30) के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। हार्दिक पंड्या ने पारी के पहले ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल एलेन को आउट कर न्यूजीलैंड को तगड़ा झटका दिया। इसके बाद डेवोन कॉन्वे ने पहले हेनरी निकोल्स (42) और बाद में डेरिल मिशेल (24) के साथ मिलकर पारी को संभाला। इस दौरान कॉन्वे ने अपने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर का तीसरा शतक पूरा किया। कॉन्वे ने 100 गेंदों में 12 चौके और 8 छक्कों की मदद से 138 रन की पारी खेली। कॉन्वे के आउट होने के बाद न्यूजीलैंड की पारी बिखर गई। अंतिम ओवरों में माइकल ब्रेसवेल (26) और मिशेल सेंटनर (34) ने रन बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं पाये। न्यूजीलैंड की टीम 41.2 ओवरों में 295 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

भारत एफआईएच हॉकी विश्वकप से हुआ बाहर

भुवनेश्वर, भारतीय हॉकी टीम एफआईएच हॉकी विश्वकप से बाहर हो गई है। विश्वकप में भारतीय टीम को क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने बेहद रोमांचक इस मैच को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता।

मैच के पहले क्वार्टर में भारत और न्यूजीलैंड की टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किए लेकिन फिर भी पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपना अटैक तेज कर दिया। मैच के 17वें मिनट में ललित उपाध्याय और 24वें मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। 2-0 से पिछड़ने के बावजूद न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने संघर्ष जारी रखा। न्यूजीलैंड को पहली सफलता 28वें मिनट में मिली। सैम लेन ने शानदार मैदानी गोल दाग कर स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में वरुण कुमार (40वें मिनट) ने गोल कर भारत को मजबूत स्थिति में ला दिया, लेकिन 43वें मिनट में केन रसेल ने काउंटर अटैक करते हुए गोल दागकर न्यूजीलैंड को मैच में बनाये रखा। चौथे और आखिरी क्वार्टर में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने अटैक को तेज कर भारतीय खेमे पर दबाव बनाया। मैच के 50वें मिनट में सीन फिंडले ने गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया।

अंतिम समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड ने पांच गोल दागे वहीं भारतीय टीम सिर्फ चार गोल ही दाग सकी।

इंडिया ओपन के चैम्पियन बने कुनलावुत वितिदसर्न

नई दिल्ली, थाईलैंड के युवा शटलर कुनलावुत वितिदसर्न ने इंडिया ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर करते हुए खिताब अपने नाम किया है। विदितसर्न ने प्रतियोगिता के फाइनल में ओलिंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 10-21, 21-12 से हराया।

काफी समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे एक्सेलसेन इस मैच में लय में नजर नहीं आये। पहले गेम में वितिदसर्न ने उन्हें 22-20 से हराकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। दूसरे गेम में एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए 21-10 से जीत दर्ज कर मैच को रोमांचक बना दिया। तीसरे गेम में एक बार फिर एक्सेलसेन संघर्ष करते हुए नजर आये। वितिदसर्न ने एक्सेलसेन की कमजोरी का फायदा उठाते हुए आसानी से गेम 21-12 से जीत लिया।

महिला वर्ग में आन सियंग बनीं विजेता

टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब दक्षिण कोरिया की आन सियंग ने जीता। यंग ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में अकाने यामागुची को हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैच में यामागुची ने पहला गेम 21-15 से जीत कर सियंग पर दबाव बनाया। सियंग ने दूसरे गेम में बेहतरीन पलटवार कर यामागुची को चित कर 21-16 से गेम जीता। तीसरा गेम निर्णायक रहा, लेकिन यंग के तेजतर्रार खेल के सामने यामागुची टिक नहीं पाईं और सियंग ने 21-12 से गेम और मैच दोनों अपने नाम किया।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में वाटर स्पोर्ट्स होंगे शामिल

भोपाल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इस वर्ष वाटर स्पोर्ट्स को भी शामिल किया जायेगा। यह जानकारी मध्यप्रदेश की खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने दी। खेल मंत्री ने बताया कि इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास उत्कृष्ट खेल ढांचा है। भोपाल में दो झील हैं, जो केनोइंग, कयाकिंग और रोइंग के लिए शानदार स्थल है। भोपाल के अलावा महेश्वर में भी वाटर स्पोर्ट्स की वाटर स्लालोम प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

वायकॉम 18 ने हासिल किए डब्ल्यूपीएल के मीडिया अधिकार

मुंबई, वायकॉम 18 ने डिज्नी स्टार और सोनी टेलीविजन को पछाड़ते हुए आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मीडिया अधिकार हासिल किए हैं। वायकॉम 18 ने 951 करोड़ रुपये में पांच वर्ष के लिए मीडिया अधिकार हासिल किए हैं। बीसीसीआई ने बताया कि मुंबई में आयोजित हुई नीलामी में वायकॉम 18 ने यह अधिकार हासिल किए हैं। डब्ल्यूपीएल के लिए वैश्विक अधिकार तीन श्रेणी के हैं इनमें टीवी, डिजिटल और संयुक्त अधिकार शामिल हैं। वायकॉम 18 ने संयुक्त अधिकारों के लिए बोली लगाई थी। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट काफी बढ़ा है। यह उचित है कि हम अपनी महिला ट्वेंटी-20 लीग शुरू करें और प्रशंसकों को अधिक महिला क्रिकेट देखने का मौका दें।

आईसीसी अवार्ड्स

सूर्यकुमार बने सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 क्रिकेटर

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2022 के लिए वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 क्रिकेटर चुना है। यह पुरस्कार हासिल करने वाले सूर्यकुमार पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं।

सूर्यकुमार के लिए वर्ष 2022 बेहतरीन साबित हुआ है। इस दौरान सूर्यकुमार ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी अनूठी बल्लेबाजी से कई रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। सूर्यकुमार ने पिछले वर्ष 31 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 1164 रन बनाये हैं। सूर्यकुमार ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार से ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर भी बने हैं। इसके अलावा सूर्यकुमार ने वर्ष 2022 में ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 68 छक्के भी जड़े हैं, जोकि एक विश्व रिकॉर्ड है।

सूर्यकुमार यादव ने जुलाई 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ पहला ट्वेंटी-20 शतक जड़ा था, वे अब तक ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीन शतक जड़ चुके हैं। सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में 6 मैचों में 3 अर्धशतकों के साथ 239 रन बनाये हैं।

रेणुका बनीं सर्वश्रेष्ठ महिला नवोदित खिलाड़ी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य रेणुका सिंह ने भी आईसीसी अवॉर्ड्स में पुरस्कार हासिल किया। रेणुका को वर्ष 2022 में सर्वश्रेष्ठ नवोदित महिला क्रिकेटर चुना गया। रेणुका ने पिछले वर्ष वन-डे और ट्वेंटी-20 दोनों फॉर्मेट को मिलाकर 29 मैचों में 40 विकेट लिए हैं।

इस पुरस्कार के लिए रेणुका के अलावा भारत की यास्तिका भाटिया, डार्सी ब्राउन और एलिस कैप्सी को भी नामांकित किया गया था। इनके अलावा इंग्लैंड की नेट स्कीवर को सर्वश्रेष्ठ महिला वन-डे खिलाड़ी और ताहिला मैक्ग्रा को सर्वश्रेष्ठ महिला ट्वेंटी-20 खिलाड़ी चुना गया है।

- बाबर आजम बने वर्ष 2022 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर।
- बाबर को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वन-डे क्रिकेटर भी चुना गया।
- बेन स्टोक्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के खिताब से नवाजा गया है।
- नेट स्कीवर को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।

हाशिम अमला ने क्रिकेट से लिया संन्यास

केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हाशिम अमला ने क्रिकेट से पूरी तरह संन्यास लेने की घोषणा की है। 39 वर्षीय अमला वर्ष 2019 में आईसीसी विश्वकप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद अमला इंग्लिश काउंटी क्लब सरें के लिए खेल रहे थे, लेकिन उन्होंने इस सत्र में खेलने से मना कर दिया और संन्यास की घोषणा की। सरें ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर हाशिम अमला के संन्यास की पुष्टि की है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 124 टेस्ट, 181 वन-डे और 44 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। अमला ने टेस्ट क्रिकेट में 9282 रन बनाये हैं, इनमें एक तिहरा शतक भी शामिल है। अमला ने टेस्ट में 28 और वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27 शतक बनाये हैं। इसके अलावा अमला ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 8113 और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 1277 रन भी बनाये हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

● अंडमान-निकोबार के 21 द्वीप ●

परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अंडमान-निकोबार में बनने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर प्रस्तावित स्मारक के मॉडल का वर्चुअली अनावरण किया। उन्होंने नेताजी की 126वीं जयंती पर कहा कि इससे लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। इस मौके पर 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया गया। इनके नाम पर द्वीप : मेजर सोमनाथ शर्मा, सूबेदार-ऑनरेरी कैप्टन करम सिंह, सेकेंड ले. रामा राघोवा राणे, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह, कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया, ले. कर्नल धनसिंह थापा, सूबेदार जोगिंदर, मेजर शैतान सिंह, कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद, ले. कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, मेजर होशियार सिंह, सेकेंड ले. अरुण खेत्रपाल, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, नायब सूबेदार बना सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, ले. मनोज पांडे, सूबेदार मेजर संजय कुमार, सूबेदार मेजर योगेंद्र यादव।

रोजगार मेला - 2023

नियमित रोज़गार मेले सरकार की पहचान बन गए हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए लगभग 71 हजार नव-नियुक्तों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह रोज़गार मेला रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वर्ष 2023 का पहला रोज़गार मेला है, जो 71 हजार परिवारों के लिए सरकारी रोज़गार का कीमती उपहार लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने नव-नियुक्त किए गए उम्मीदवारों को बधाई दी और कहा कि रोज़गार के यह अवसर न केवल नियुक्त किए गए लोगों में बल्कि करोड़ों परिवारों में आशा की नई किरण जगाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में लाखों नए परिवारों को सरकारी नौकरियों में नियुक्त किया जाएगा, क्योंकि एनडीए शासित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रोज़गार मेले नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि असम सरकार ने रोज़गार मेले का आयोजन किया था और बहुत जल्द मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड जैसे राज्य रोज़गार मेले आयोजित करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नियमित रोज़गार मेले इस सरकार की निशानी बन गए हैं। वे दिखाते हैं कि इस सरकार ने जो भी संकल्प लिया है, वह

- पूरे देश से चयन किए गए नव-नियुक्त उम्मीदवारों को भारत सरकार के अधीन जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, टैक्निशियन, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, कॉन्सटेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, अध्यापक, नर्स, डॉक्टर, समाज सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे पदों पर नियुक्त किया जाएगा।
- कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल से सीखने वाले नव नियुक्त पदाधिकारियों के अनुभव को इस रोज़गार कार्यक्रम के दौरान साझा किया जाएगा। कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्तों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) पाठ्यक्रम है।

साकार हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और गति सरकार के कामकाज के हर पहलू की विशेषता है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने ऐसे मुद्दों का समाधान किया है और एक पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की है। पारदर्शी भर्ती और पदोन्नति से युवाओं में विश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि कई नव-नियुक्त अभ्यर्थी सरकार के प्रत्यक्ष प्रतिनिधियों के रूप में आम जनता के साथ बातचीत करेंगे और वह अपने तरीके से प्रभाव का सृजन करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसी को सरकारी विभाग में नियुक्त किया जाता है, तो इसे सरकारी सेवा कहा जाता है न कि नौकरी। उन्होंने 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की सेवा से प्राप्त हुए अनुभव पर भी प्रकाश डाला और कहा कि इसका लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर कई सरकारी सेवकों के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आधिकारिक प्रशिक्षण के अलावा इस प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत विकास के कई कोर्स भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्व-अध्ययन एक अवसर है। श्री मोदी ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने अंदर के छात्र को कभी मरने नहीं दिया। उन्होंने कहा, स्वयं सीखने की प्रवृत्ति से शिक्षार्थी, उसके संस्थानों और भारत की क्षमताओं में भी सुधार होगा। श्री मोदी ने जोर देकर कहा, तेजी से बदलते भारत में रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसरों में लगातार सुधार हो रहा है। तेज विकास से स्वरोज़गार के अवसरों का व्यापक विस्तार होता है।

इजराइल में

प्रधानमंत्री ने कैबिनेट सहयोगी को बर्खास्त किया

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश पर अमल करते हुए अपने एक प्रमुख मंत्रिमंडलीय सहयोगी को बर्खास्त कर दिया।

नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने अपने कैबिनेट सहयोगी, गृह और स्वास्थ्य मंत्री आर्येह डेरी को निष्कासित कर दिया। नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्री को हटाए जाने की घोषणा की। इजराइल में न्यायपालिका की शक्तियों को लेकर विवाद गहराया है। नेतन्याहू की सरकार न्यायिक शक्तियों को सीमित करना और राजनेताओं को अधिक शक्ति देना चाहती है। आलोचकों का कहना है कि यह कदम देश की नियंत्रित व्यवस्था करने को समाप्त कर सकता है और इजराइल के

लोकतांत्रिक बुनियादी सिद्धांतों को खतरे में डाल सकता है। नेतन्याहू सरकार ने देश की न्यायपालिका को अपने एजेंडे का केन्द्र बिंदु बनाया है। नेतन्याहू सरकार का कहना है कि शक्ति असंतुलन ने जजों और सरकारी कानूनी सलाहकारों को कानून निर्माण और शासन प्रणाली में बहुत हावी बना दिया है।

भारत में

रक्षा उद्योगों के लिए भागीदार बनना चाहता है फ्रांस

फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनेन ने कहा है कि उनका देश भारत में रक्षा उद्योगों के लिए एक राष्ट्रीय औद्योगिक आधार

- **फ्रांस भारतीय बलों को सर्वश्रेष्ठ तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध।**
- **फ्रांसीसी राजदूत ने कहा, फ्रांस न केवल 'मेक इन इंडिया' के लिए समर्थन करेगा, बल्कि उपकरणों के सह-निर्माण और सह-उत्पादन के लिए भी आगे आएगा।**

बनाने की प्रक्रिया में भागीदार बनना चाहता है।

गोवा अपतटीय क्षेत्र में भारत-फ्रांस नौसैन्य अभ्यास 'वरुण' में हिस्सा लेने वाले फ्रांसीसी विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल पर लेनेन ने कहा, दोनों देश रक्षा और

अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बहुत से उपकरणों का मिलकर उत्पादन कर सकते हैं। फ्रांस वास्तव में 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को समझ गया है। वह बिना किसी प्रतिबंध के भारतीय बलों को सर्वश्रेष्ठ तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

लेनेन ने कहा, हम इसे (आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को) इसलिए भी समझते हैं, क्योंकि हम अत्यधिक स्वतंत्र देश हैं और हम उस प्रक्रिया से भी गुजरे हैं। हम भारत में रक्षा उद्योगों के लिए एक राष्ट्रीय औद्योगिक आधार बनाने की प्रक्रिया में भागीदार बनना चाहते हैं। भारत जब और आपूर्तिकर्ताओं को मौका देने के बारे में सोच रहा है, तो फ्रांस उसके लिए एक बढ़िया विकल्प साबित हो सकता है। फ्रांसीसी राजदूत ने कहा कि उनका देश बिना किसी प्रतिबंध के भारतीय बलों को सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में पूछे जाने पर लेनेन ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच असाधारण रूप से अच्छे और विश्वसनीय द्विपक्षीय संबंध हैं।

हम समान मूल्यों में यकीन करते हैं। हमारी रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत बनाने का सबसे अच्छा तरीका एक-दूसरे का सहयोग करना है। दोनों देश रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बहुत सारे उपकरणों का सह-उत्पादन कर सकते हैं।

आर्थिक मजबूती के लिए 'श्रीलंका अपनी एक तिहाई सेना घटाएगा

श्रीलंका में आर्थिक तंगी के चलते खाने-पीने की चीजों के साथ ही ईंधन और दवाओं की खासी किल्लत है। इसके चलते

- **श्रीलंका मौजूदा दो लाख जवानों के बल को एक तिहाई घटाएगा। वह करीब 1.35 लाख जवान ही रखेगा। इतना ही नहीं, 2030 तक वह जवानों का आंकड़ा कम कर 1 लाख तक सीमित करेगा।**

श्रीलंका सुरक्षा से समझौता करने को मजबूर हो गया है। श्रीलंका में जवानों की संख्या घटाई जाएगी। हालांकि इस बारे में सरकार का कहना है कि कटौती का कदम उठाकर वह तकनीकी और रणनीतिक रूप से मजबूत और संतुलित रक्षा बल तैयार कर रहा है। संकट से उबरने के उपायों के तहत श्रीलंका अपने सालाना बजट में भी 6% की कटौती करेगा।

इस बीच, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के दौरे से श्रीलंका को बड़ी राहत

मिली है। उनके कोलंबो पहुंचने से श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज मिलने का रास्ता साफ हो गया।

श्रीलंका में उन महिलाओं की भी स्थिति खराब है, जो गर्भवती हैं। कुछ एनजीओ का कहना है कि देश की 10% गर्भवती इस वक्त कुपोषण का शिकार हैं। उन्हें पौष्टिक खाना तो दूर दो वक्त की रोटी भी नहीं मिल रही है।

श्रीलंका में रोगियों की हालत खराब है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को दवाएं नहीं मिल रही हैं। मुख्य कैंसर अस्पताल में दवाओं की खासी किल्लत है। सरकारी मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता वासन रत्नासिंगम ने कहा, "ओपीडी में पैरासिटामोल, विटामिन सी और सलाइन जैसी बुनियादी दवाएं भी मुश्किल से मिल पा रही हैं।"

फिलीपींस में नहीं खुलेगा अमेरिकी मिलिट्री बेस

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंस मार्कोस जूनियर ने पूर्व अमेरिकी नौसैनिक अड्डे सुबिक बे और क्लार्क हवाई अड्डे को

- **फिलीपींस ने अमेरिकी सैन्य अड्डा दोबारा खोलने से किया इनकार।**
- **1945 में अमेरिका ने फिलीपींस में खोला था नौसैनिक अड्डा।**

फिर से खोलने की संभावना से इनकार किया है। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मौके पर ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए मार्कोस ने कहा कि पूर्व अमेरिकी सैन्य ठिकानों को फिर से खोलना फिलीपींस के संविधान के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि फिलीपींस का यह कानून अपने क्षेत्र में विदेशी सैन्य अड्डों को प्रतिबंधित करता है। फर्डिनेंस मार्कोस जूनियर को चीन का करीबी नेता माना जाता है। उनसे पहले फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते को अमेरिका समर्थक माना जाता था। उन्होंने कई मौकों पर चीन के खिलाफ सख्त

बयानबाजी भी की थी। इस कारण फिलीपींस और चीन के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया था। ज्ञात रहे कि फिलीपींस की सेना ने अमेरिकी सैन्य अड्डे के बंद होने के 30 साल बाद मई 2022 में दक्षिण चीन सागर में सुबिक खाड़ी का संचालन फिर से शुरू किया था। इस अड्डे को इलाके में बढ़ती चीनी नौसेना की घुसपैठ के बाद एक्टिवेट किया गया था। तब दावा किया गया था कि फिलीपींस की सेना अमेरिका के साथ साझा मिलिट्री बेस चलाने की संभावना को तलाश रही थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

नई तकनीक से खुलेगा ज्ञान का नया आकाश - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में अत्याधुनिक लैब्स की संख्या बढ़ाने की रूपरेखा होगी तैयार

जबलपुर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में गणतंत्र दिवस पर पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्चुअल रियलिटी लैब का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों से रू-ब-रू होते हुए कहा कि वर्चुअल रियलिटी लैब ज्ञान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस नई तकनीक से युवा पीढ़ी के ज्ञान को नया विस्तार मिलेगा। साथ ही विद्यार्थियों को अध्ययन के अलग-अलग क्षेत्रों को करीब से जानने और समझने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में ऐसी अत्याधुनिक लैब की संख्या बढ़ाने के लिए रूपरेखा तैयार करेगी। उन्होंने जबलपुर के तीन युवाओं द्वारा अपने स्टार्टअप के माध्यम से स्थापित मध्यप्रदेश की पहली वर्चुअल लैब की प्रशंसा की।

बच्चों के सवाल, मुख्यमंत्री के जवाब

मुख्यमंत्री ने बच्चों से सवाल करने का आग्रह किया। उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र ओम श्री पटेल ने प्रश्न किया कि राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिये सुपर 100 योजना चला रही है, क्या इस योजना में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। श्री चौहान ने इस प्रश्न के जवाब में कहा कि यह बिल्कुल उपयुक्त तथ्य है कि विद्यार्थियों की संख्या कम क्यों रहे। उन्होंने कहा कि आने वाले सेशन से यह योजना सुपर 500 की जायेगी। एक अन्य प्रश्न स्कूल की छात्रा सुष्मिता चतुर्वेदी ने किया। मुख्यमंत्री से छात्रा सुष्मिता ने पूछा कि राज्य सरकार की महिलाओं और बालिकाओं के हित में संचालित योजनायें जिनमें लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना और मेधावी विद्यार्थी योजना आदि हैं, इन्हें लागू करने का विचार आपके मन में कैसे आया। श्री चौहान इस प्रश्न का उत्तर देते वक्त भावुक हो गए। उन्होंने छात्रा सुष्मिता को यह प्रश्न पूछने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि जब उनकी उम्र कम थी तभी से उन्हें यह बात बहुत चुभती थी कि समाज में बेटा-बेटी में भेद किया जाता है, लेकिन उस वक्त वे कुछ कर नहीं सकते थे। बाद में जब 1990 में वे पहली बार विधायक चुन कर आये तो उन्होंने कुछ निर्धन कन्याओं का विवाह कराया। फिर सांसद बनने के बाद सिलसिला और विस्तारित हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रारूप तैयार कराया और इसे लागू किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके बाद मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का शुभारंभ किया, जिससे बेटी परिजन के लिए बोझ न बने और उसके प्रति समाज का नजरिया बदले। उन्होंने बताया कि इसके बाद बेटियों की निःशुल्क शिक्षा के लिए योजना बनाई गई, जो पहले स्कूल और कॉलेज स्तर पर लागू की गई, लेकिन प्रदेश सरकार अब योजना से प्रोफेशनल डिग्री की पढ़ाई के लिए भी सहयोग कर रही है।

वर्चुअल रियलिटी लैब को बनाने वाले जबलपुर शहर के ही युवा निखिल भटनागर, ललित बर्मन और मयंक श्रीवास्तव हैं। इन तीनों ने स्पार्क वीआर टेक्नोलॉजी के नाम से स्टार्टअप शुरू कर स्पार्क वीआर एप तैयार किया है। इस लैब से बच्चों को किताबी दुनिया से निकाल कर वास्तविक तरीके से (वर्चुअली) से विविध विषयों का अध्ययन कराया जाएगा।

बेटियों के लिए धड़कता है मेरा हृदय - मुख्यमंत्री

जबलपुर, मेरा हृदय बेटियों के लिए धड़कता है बेटियों से उनका खून का रिश्ता भले ही न हों लेकिन हृदय का रिश्ता बंधा हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में एमएलबी विद्यालय परिसर में लाड़ली लक्ष्मियों से संवाद करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज के नकारात्मक नज़रिये में बदलाव लाना, लिंग अनुपात, शैक्षिक और बालिकाओं की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना था। अब लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 के जरिये बेटियों के जन्म के बाद उनकी पढ़ाई की चिंता माता-पिता को न हो इसके लिए उच्च शिक्षा तक की फीस प्रदेश सरकार वहन करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन बच्चियों को डॉक्टर, इंजीनियर बनना है उनके माता-पिता इस पढ़ाई की फीस भरने के लिए चिंतित कदापि नहीं हों, इसकी पूरी व्यवस्था प्रदेश सरकार करेगी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों को संकल्प दिलाया कि बच्ची की पढ़ाई में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करें, लाड़ली भांजियों की शिक्षा उनका मामा शिवराज करवाएगा।

श्री चौहान ने कहा है कि वह बेटियों के बिना यह दुनिया नहीं चल सकती है बेटी है तो कल है। कार्यक्रम में मौजूद सभी अभिभावकों को और लाड़लियों को बताया कि बच्ची द्वारा कक्षा 5 उत्तीर्ण करने पर कक्षा 6 में प्रवेश करने पर 2 हजार रुपये, कक्षा 8 उत्तीर्ण कर कक्षा 9 में ही प्रवेश करने पर 4 हजार रुपये, कक्षा 11 एवं 12 में 6 हज़ार रुपया, कॉलेज में एडमिशन लेने पर साढ़े 12 हजार रुपये और डिग्री प्राप्त करने के बाद पुनः साढ़े 12 हजार रुपये उनके खातों में प्रदान किए जाते हैं।

संवाद में लाड़ली लक्ष्मी सृष्टि ने बताया कि "माँ तुझे प्रणाम" योजना में बाघा बॉर्डर जाकर वे भारतीय जवानों से मिली हैं। जवानों की देश समर्पण की भावना को देखकर सृष्टि ने भी तय किया है कि वे भी आईएएस की तैयारी करेंगी, सृष्टि ने स्व-रचित पंक्तियाँ भी मुख्यमंत्री मामा को सुनाई।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बल पर भारत दुनिया का अग्रणी देश होगा

भोपाल, प्रधानमंत्री की जय जवान- जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान की अवधारणा के अनुरूप अमृत काल के 25 वर्षों में भारत विज्ञान और तकनीक के दम पर दुनिया में अग्रणी देश होगा। ये बातें केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र तोमर ने भोपाल में आयोजित 8वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को जो स्थान प्राप्त हुआ है, उसमें विज्ञान की अहम भूमिका रही है। आज खेती-किसानी के क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि विज्ञान में रिसर्च को महत्व दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने विज्ञान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में विज्ञान का बजट 2 हजार करोड़ रुपये था, जिसे अब बढ़ाकर 6 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं और विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने, रुचि लेने और उनमें वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करने में सहायक बनते हैं। मध्यप्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि इस बार जनवरी का महीना प्रदेश के लिए बहुत उत्साहवर्धक रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लेकर विज्ञान महोत्सव जैसे आयोजन हुए। केंद्र सरकार ने विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश के साथ ही सभी प्रदेशों की राज्य सरकारों को प्रोत्साहित किया है

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

D-11209/R-48128/2023

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- पुष्पेन्द्र पाल सिंह।